RNI TITEL CODE- RAJHIN27783
pratigya.alwar@gmail.com

# वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा

सच्चाई आप के साथ

वर्ष -02 | अंक -35 | मुल्य: 2.00 रू. | अलवर, गुरूवार, 21 अप्रेल, 2022 | प्रभात संस्करण | कुल पेज -6


## सोनिया से मिलने दिल्ली आए गहलोत, बोले- मोदी सांसदों को बुला-बुलाकर कहते हैं कि लोगों को भड़काओ



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बुधवार को दिल्ली आए। उन्होंने कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी से मुलाकात की। देशभर में सांप्रदायिक बिगड़ने की बात पर बोले कि हिंसा से निपटने के लिए हिंसा ठीक नहीं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कहा कि अब हमें पता चल गया है कि देश कहां जा रहा है। सभी राज्यों में हिंसा भड़क रही है। सोशल मीडिया के जरिए लोगों को उकसाया जा रहा है। यह खतरनाक राजनीति है और लोगों को सतर्क हो जाने की आवश्यकता है। हिंसा का जवाब हिंसा नहीं हो सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही सांसदों को बुला-बुलाकर कानून तोड़ने, आग लगाने और लोगों को भड़काने की बात कह रहे हैं। गहलोत ने कहा कि सत्ता पक्ष का काम है कि जो हिंसा कर रहा है, उसे रोके। यह प्रयास करें कि किसी भी कीमत पर हम हिंसा को बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह तो मैंने देखा है कि कोई प्रधानमंत्री हो, मुख्यमंत्री हो, सांसद हो या विधायक हो, उन्हें यह करना चाहिए। पर यहां तो उल्टी गंगा बह रही है। प्रधानमंत्री सांसदों को बुला-बुलाकर कह रहे हैं कि आप लोग कुछ नहीं कर पा रहे हो। आप लोग वही काम करो जो करोड़ी मीणा कर रहा है। यानी धमालपट्टी करो। कानून को तोड़ो। हाथ में लोग। लोगों को भड़काओ। आग लगाओ। मैंने यह सुना है कि प्रधानमंत्री यह कह रहे हैं। सच्चाई आप लोग पता करो, आप मीडिया वाले हो।

## 19 जिलों में धूलभरी आंधी चलने की संभावना, इन जिलों में हीटवेव का अलर्ट



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**

राजस्थानवासियों को गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। 12 जिलों में धूलभरी आंधी चलने की संभावना जताई गई है। राजस्थान में मौसम करवट ले सकता है। मौसम विभाग ने बुधवार को 19 जिलों में धूलभरी हवाएं चलने के साथ मेघगर्जन की संभावना जताई गई है। वहीं छह जिलों में हीटवेव की भी चेतावनी जारी की गई है। राजस्थान में गर्मी के कहर के बीच धूलभरी आंधी से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं मौसम विभाग ने बुधवार को 19 जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से धूलभरी हवाएं चल सकती हैं। सीकर, प्रतापगढ़, चितौड़गढ़, झुंझुनू, बांसवाड़ा, बूंदी, कोटा, टोंक, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर, नागौर और चूरू में धूलभरी हवा चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने छह जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। झुंझुनू, धौलपुर, करौली, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू में हीटवेव चलने की संभावना है।

## सचिन पायलट बोले-इसबार नहीं बदलेगी राजस्थान में कांग्रेस सरकार, तोड़ देंगे पुरानी प्रथा

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**

राजस्थान में कांग्रेस का चिंतन शिविर होने जा रहा है। जिसको लेकर भी सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस के प्रदर्शन को सुधारने के लिए यह शिविर होगा। राजस्थान के पूर्व उपमख्यमंत्री सचिन पायलट ने 2023 के विधानसभा चुनाव को लेकर बयान दिया है। पायलट ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार रिपीट होगी। राजस्थान का इतिहास रहा है कि बीते 30 साल में कोई भी सरकार दोबारा नहीं आई लेकिन इस बार हम पुरानी प्रथा को तोड़ देंगे। पायलट बयाना विधायक अमर सिंह जाटव की पुत्र की शादी में शामिल होने भरतपुर थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों के चुनाव में हमें निराशा मिली है लेकिन हमने हिम्मत नहीं हारी है। मोदी सरकार के जनविरोधी नीतियों को हम जनता के बीच रखेंगे। सचिन पायलट ने कांग्रेस के चिंतन शिविर को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि शिविर में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने पर मंथन होगा। शिविर में स्वागत योग्य फैसले इससे बाहर निकलकर आएंगे।

# 9 साल बाद कांग्रेस राजस्थान में करेगी चिंतन

# गुजरात चुनाव की रणनीति बनेगी, 5 राज्यों में हार का एनालिसिस होगा

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा उदयपुर**

ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी(एआईसीसी) 9 साल बाद एक बार फिर राजस्थान में राष्ट्रीय चिंतन शिविर करेगी। यह चिंतन शिविर उदयपुर में 14 से 16 मई तक होगा। शिविर में सोनिया गांधी, राहुल और प्रियंका गांधी शामिल होंगी हीं, इसके साथ ही कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल होंगे। इसके लिए कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एक दौरा उदयपुर का कर चुके हैं। अब दूसरे दौरे की तैयारी है। माना जा रहा है कि 22-23 अप्रैल को एक बार फिर सीएम उदयपुर का दौरा करेंगे। उदयपुर में चिंतन शिविर के पीछे बड़ी वजह गुजरात विधानसभा चुनाव हैं। उदयपुर जिला गुजरात बॉर्डर पर ही है। इस शिविर में पिछले विधानसभा चुनावों में पांच राज्यों में मिली हार का भी एनालिसिस किया जाएगा। पिछली सीडब्ल्यूसी की मीटिंग में यह तय हो गया था कि कांग्रेस का अगला शिविर राजस्थान में होगा। इससे पहले जनवरी 2013 में जयपुर में कांग्रेस का चिंतन शिविर हुआ था।

### गहलोत ही मुख्य रणनीतिकार

इस चुनाव में रघु शर्मा गुजरात के प्रभारी जरूर हैं। मगर मुख्य रणनीतिकार की भूमिका में गहलोत ही रह सकते हैं। वरिष्ठ नेता होने और गुजरात में पकड़ रखने के चलते गहलोत की इन चुनावों में बड़ी भूमिका रहेगी। शिविर के लिए उदयपुर के ताज अरावली होटल को लगभग तय कर लिया गया है। सीडब्ल्यूसी सदस्य रघुवीर मीणा भी इस शिविर की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। मीणा ने कहा कि हमने उदयपुर में शिविर कराने का प्रस्ताव रखा था। जिसे पार्टी ने स्वीकार कर लिया।



### लगातार दूसरी बार राजस्थानी प्रभारी

गुजरात विधानसभा चुनाव का प्रभारी राजस्थान के पूर्व हेल्थ मिनिस्टर रघु शर्मा को बनाया गया है। यह लगातार दूसरा मौका है। जब राजस्थान का नेता गुजरात चुनाव की जिम्मेदारी संभाल रहा हो। इससे पहले 2017 के चुनाव में अशोक गहलोत खुद गुजरात के प्रभारी थे। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया था। हालांकि सरकार बनाने लायक सीटें कांग्रेस नहीं जीत पाई थी। इस बार रघु शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

### पांच राज्यों में हार और गुजरात-राजस्थान चुनाव पर फोकस

इस शिविर में सोनिया गांधी, राहुल और प्रियंका के साथ ही कांग्रेस की वर्किंग कमेटी के सभी सदस्य भी मौजूद रहेंगे। वहीं, कई बड़े नेता इसमें शामिल होंगे। इस शिविर में उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों में मिली हार पर मंथन होगा। इसके अलावा इस साल गुजरात चुनाव और अगले साल होने वाले राजस्थान सहित 4 राज्यों में चुनाव पर फोकस रहेगा। शिविर में चुनाव की रणनीति और जिम्मेदारियों पर भी फोकस रह सकता है।


### 2017 में कांग्रेस का वोट और सीटें दोनों बढ़ी थी

अशोक गहलोत की अगुवाई में गुजरात में 2017 विधान सभा चुनाव कांग्रेस जीती नहीं थी मगर कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर हुआ था। 2017 के चुनाव में कांग्रेस को 77 और बीजेपी को 99 सीट मिली थीं। कांग्रेस की 2012 के मुकाबले 16 सीटें ज्यादा आई थीं, जबकि बीजेपी की 16 सीटें कम हुई थी। कांग्रेस का वोट प्रतिशत 41.4 प्रतिशत था। यह 2012 के मुकाबले 2.5 प्रतिशत बढ़ा था। ऐसे में इस बार कांग्रेस उस प्रदर्शन को और बेहतर करने की तैयारी में है। गुजरात में बहुमत का आंकड़ा 92 होता है।

## नगर पालिका के कनिष्ठ लिपिक सोमदत्त शर्मा की गाड़ी से 7 लाख 50 हजार रुपए एसीबी ने किए बरामद

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा तिजारा**

अलवर एसीबी द्वारा तिजारा नगर पालिका के कनिष्ठ लिपिक सोमदत्त शर्मा की गाड़ी से 750000 बरामद किए गए हैं अलवर ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय सिंह ने बताया कि अलवर ऑफिस को एक सूचना प्राप्त हुई की तिजारा नगर पालिका के कनिष्ठ लिपिक सोमदत्त शर्मा रिश्वत की भारी राशि लेकर जा रहे हैं अगर अभी कार्रवाई हो सकती है तो उनके कब्जे से रिश्वत की राशि बरामद की जा सकती है इस पर पुलिस उपाधीक्षक रविंद्र सिंह को भेजा गया जो नंबर गाड़ी बताई थी उस गाड़ी को अहिंसा स्थल तिजारा पर रोका और गाड़ी की जांच की तो उसमें 750000 बरामद हुए पूछताछ के दौरान बताया गया कि यह राशि प्लाट का पैसा देने के लिए जा रहे थे उनकी बात को नोट कर लिया गया है उसका सत्यापन कराने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। यहां आरोप यह है कि तिजारा नगर पालिका में खुलेआम रिश्वत का खेल चल रहा है बिना पैसे कोई काम नहीं होता है इसकी लगातार शिकायतें मिल रही थी



### तिजारा विधानसभा में एसीबी की लगातार कार्रवाई

यदि भ्रष्टाचार की बात करें तो तिजारा विधानसभा ऊपरी पायदान पर है तिजारा विधानसभा में एसीबी द्वारा कई बार कार्रवाई कर कई कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें प्रमुख रूप से दो बार राजस्थान राज्य परिवहन पथ निगम के तिजारा डिपो पर कार्यवाही की गई इसके अलावा शेखपुर थाना अधिकारी को भी कुछ दिन पहले 50000 रिश्वत मांगने की एवज में ट्रेप किया था इसके बावजूद भी सरकार के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को मलाई का चस्का इतना पड़ गया है कि रिश्वत की बिना मलाई के कोई काम नहीं किया जाता है एसीबी द्वारा नगर पालिका में कार्यवाही करते हुए बाबू सोमदत्त शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है

### तिजारा विधानसभा भ्रष्टाचार का गढ

यदि भ्रष्टाचार की बात करें तो तिजारा विधानसभा भ्रष्टाचार का गढ़ बनता जा रहा है तिजारा तहसील के कुछ विभाग तो बिना किसी रिश्वत के काम को आगे बढ़ाते ही नहीं है लोगों के तब तक चक्कर कटवाते हैं जब तक उनको मलाई नहीं खिलाई जाए तिजारा मैं कार्यरत अधिकतर कर्मचारी लगातार एसीबी की कार्रवाई होने के बावजूद भी रिश्वत की मलाई को नहीं छोड़ रहे हैं सबसे बड़ा सवाल यह है क्या सरकार के द्वारा इन लोगों को काम के बदले सैलरी नहीं दी जाती या सरकार की सैलरी इन्हें रास नहीं आती जब तक रिश्वत की मलाई नहीं चख ले क्या सरकार ने इनको रिश्वत लेने के लिए खुला छोड़ दिया गया है कि आप जनता को जितना लूटा जाए उतना ज्यादा लूटो तो क्या सरकार जनता को लूटने की सैलरी देती है या काम करने की

### गहलोत बोले- कटारिया मेंटली डिस्टर्ब:

## कहा- हम सबको गर्व हम हिंदू हैं, बीजेपी का हिंदुत्व चुनाव जीतने के लिए

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हिंदू और हिंदुत्व पर नया बयान देकर फिर बहस छेड़ दी है। गहलोत ने कहा- बीजेपी के नेता हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की बात करते हैं। इनका हिंदुत्व और राष्ट्रवाद चुनाव जीतने के लिए है। हमारा हिंदुत्व धार्मिक मान्यता के लिए है। हम सबको गर्व है कि हम हिंदू हैं। महात्मा गांधी ने भी यही कहा था कि हमें हिंदू होने का गर्व है। हिंदू होने के साथ हम सब धर्मों का सम्मान करते हैं। दूसरे धर्मों का सम्मान करने से समाज में प्रेम रहेगा। हिंसा नहीं होगी। देश विकास करेगा। गहलोत बुधवार को दिल्ली में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया के रावण और सीता पर दिए बयान को लेकर भी निशाना साधा। गहलोत ने कहा- गुलाबचंद कटारिया ने पहले महाराणा प्रताप के बारे में बोला, अब रावण का उदाहरण देने के लिए सीता ही मिली क्या? कटारिया मेंटली डिस्टर्ब लगते हैं। लगता है उन्हें पार्टी में सम्मान नहीं मिल रहा तो वे परेशान हो जाते हैं। कुछ तो कारण जरूर है। कटारिया मीडिया के सामने ऐसे-ऐसे शब्द काम लेते हैं जो सोच नहीं सकता। वे बुजुर्ग हैं, भले वे ॠस्स कैडर के हो, मैं उनका सम्मान करता हूं। मैंने भी उन्हें कई बार समझाया कि आप बिलो द बेल्ट वार मत किया करो, लेकिन वे मान ही नहीं रहे। गहलोत ने कहा- महाराणा प्रताप के बारे में उन्होंने क्या-क्या बोल दिया? क्या राजस्थान के लोग उसे भूल सकते हैं, छत्तीस कौम में खासकर राजपूत कम्युनिटी में भारी गुस्सा है। क्या हिंदू इसे बर्दाश्त करेंगे क्या? ये हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की बातें करते हैं। इनका हिंदुत्व केवल चुनाव जीतने के लिए है।



### पीएम राजस्थान के सांसदों को किरोड़ी की तरह धमाल मचाने की सीख देते हैं

गहलोत ने कहा - केंद्र की सत्ता में हिंसा को बढ़ावा देने वाले लोग हैं। सत्ता पक्ष हिंसा को रोकता है। पीएम को आगे आकर कहना चाहिए कि किसी भी कीमत पर हम हिंसा को बर्दाश्त नहीं करेंगे। यहां उल्टी गंगा बह रही है। सांसदों को कहा जा रहा है कि आप धमाल पट्टी करें। पीएम राजस्थान के सांसदों से कहते हैं कि किरोड़ीलाल मीणा की तरह धमाल पट्टी करो। गहलोत पीएम, गृह मंत्री पर अटैक कर रहा है तो आप भी गहलोत पर अटैक कीजिए। धमाल पट्टी करके जवाब देने को कहा जाता है।

## राजस्थान में 1 रुपए यूनिट तक महंगी होगी बिजली: 5 थर्मल यूनिट में प्रोडक्शन ठप, महंगी खरीद से बढ़ेगा फ्यूल-सरचार्ज

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**

राजस्थान में बिजली और कोयला संकट फिर गहरा गया है। प्रदेश के अलग-अलग बिजली घरों में पावर प्रोडक्शन की 5 यूनिट्स तकनीकी कारणों से बंद बताई जा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक उन्हें सुधारकर इसलिए चालू नहीं किया जा रहा है, क्योंकि कोयले का पूरा स्टॉक नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश के बिजलीघरों में औसत केवल 3 से 4 दिन का ही कोयला स्टॉक बचा है। जबकि गाइडलाइंस हैं कि 26 दिन का कोयला स्टॉक होना चाहिए। सूरतगढ़ थर्मल पावर प्लांट में 660 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल यूनिट और 250 मेगावाट की यूनिट, कालीसिंध पावर प्लांट की 600 मेगावाट यूनिट, कोटा थर्मल पावर प्लांट की 210 मेगावाट यूनिट और छबड़ा थर्मल पावर प्लांट की 250 मेगावाट की यूनिट में बिजली प्रोडक्शन पूरी तरह ठप है।



राजस्थान में बिजली की खपत बढ़कर 2500 लाख यूनिट प्रतिदिन के पार पहुंच चुकी है। जबकि पिछले साल बिजली की रोजाना औसत खपत 1990 लाख यूनिट थी। अप्रैल में ही ये हालात है तो मई-जून में क्या हालात होंगे।अंदाजा लगाया जा सकता है। कोयले की कमी और केन्द्र की गाइडलाइंस के कारण राजस्थान को विदेशों से कोयले की खरीद बढ़ानी होगी। महंगा कोयला खरीदने का असर आम उपभोक्ता पर फ्यूल सरचार्ज के रूप में पड़ सकता है। बिजली 1 रुपए यूनिट तक महंगी हो सकती है।

### महंगी बिजली खरीद, ग्रामीण इलाकों में अघोषित कटौती

बिजली प्रोडक्शन में कमी के कारण एक्सचेंज मार्केट से महंगी रेट पर बिजली खरीदने के अलावा शॉर्ट टर्म टेंडरिंग से बिजली लेकर काम चलाया जा रहा है। टेंडरिंग में 11.15 रुपए प्रति यूनिट तक रेट आ रही है। एक्सचेंज से खरीदने पर 17 रुपए और कभी-कभी 20 रुपए यूनिट तक की रेट पर बिजली खरीदनी पड़ती है। बिजली किल्लत के बीच प्रदेशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। दिलचस्प बात यह है कि बिजली कटौती के कहीं भी ऑफिशियल आदेश नहीं निकाले गए हैं।



MBBS
क्या आप डॉक्टर बनना चाहते है ?
अब दीजिये अपने सपनो को नई उड़ान...
Yaduvanshi Consultancy ...Abroad Education Expert
Courses in Top Ranked Foreign Medical Universities
BEST ANSWER OF ALL YOUR POSSIBLE INQUIRIES
• No Donation • Indian Food • Direct Admission
• Low Fee Structure • Syllabus as per MCI • Guaranteed Visa
• English Medium • Valid for Govt. Job • Loan Assistance
• MCI & WHO Approved • Scholarship Available • Hostel Facility
Separate Hostel For Girls & Boys


MBBSRUS
GET IT ON Google Play
MBBS RUS
+91 94144 88427,
+91 72300 30106
WWW.MBBSRUS.COM
405, 4th Floor Wonder Mall, Near Company Bagh, Alwar (Raj.)
Branch Office:
• Sikar • Jodhpur • Utrakhand • Patna • Chitradurga
• Banglore • Bihar • Davangree • Kochi • Chennai
WHO & MCI से मान्यता प्राप्त
▸Russia ▸Kazakhstan ▸Georgia ▸Philippines ▸USA
विदेश की सरकारी यूनिवर्सिटी में डायरेक्ट प्रवेश के लिये नि:शुल्क मार्गदर्शन
+91 9414488427, +91 9462872655 (Kazakhstan)
Website: MBBSRUS.COM
YouTube

न्यूज ब्रीफ

## विधायक ने स्टेडियम व सामुदायिक भवन के लिए देखी जमीन

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा तिजारा**

विधायक संदीप यादव ने तिजारा में स्टेडियम के लिए नगर पालिका क्षेत्र में उपखंड अधिकारी महेंद्र सिंह यादव, नगर पालिका चेयरमैन झब्बूराम सैनी, वाइस चेयरमैन हरिश सिंह, नगर पालिका ईओ जगदीश खीचड़ के साथ जमीन देखी एवं जमीन की रिपोर्ट तैयार कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु उपखंड अधिकारी एवं नगर पालिका ईओ को निर्देश दिए। साथ ही विधायक ने राजकीय आईटीआई के पास सामुदायिक भवन का निर्माण कराए जाने के लिए जमीन भी चिन्हित की। विधायक ने नगरपालिका तिजारा पहुंचकर लोगों को आवासीय पट्टे भी वितरित किए एवं अधिकारियों को नगर पालिका क्षेत्र की समस्या सफाई व्यवस्था एवं अन्य कार्य हेतु दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उपप्रधान दयाराम चावड़ा, पार्षद कालूराम शर्मा, मनोज नंबरदार, राजेश कसाना, सुरेन्द्र पालिवाल, मुन्नी गुर्जर, गुल्लू यादव, मटरू पार्षद, जेपी यादव, सुरेंद्र जोशी, विनोद यादव सहित लोग उपस्थित रहे

## पदमाड़ा खुर्द में विद्युत समस्या के चलते ग्रामीण परेशान

### आंदोलन की ग्रामीणों ने दी चेतावनी

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा सोडावास**

समीपवर्ती पदमाड़ा खुर्द गांव में विद्युत समस्या के चलते ग्रामीण बेहद परेशान हैं । ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत समस्या के लिए कार्यालय में शिकायत करते हैं तो अधिकारी कहते हैं कि हमारी शिकायत कहीं भी करो हमको जैसा करना है वैसा ही करेंगे । इस बात को लेकर गांव के युवाओं ने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दे दी । पदमाड़ा खुर्द गांव में इस समस्या के चलते विद्यार्थी भी परेशान हैं परीक्षा चल रही है उधर पशुपालकों का कहना है कि विद्युत समस्या से पानी पशुओं के लिए दूर दराज से लाना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि इस संदर्भ में उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया जा चुका है मगर समस्या जस की तस है ।

## मनरेगा कार्य समय मे किया बदलाव

### प्रातःकालीन 6 बजे से दोपहर 01 बजे तक का हुआ मनरेगा टाइम



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा रैणी**

गर्मी के मौसम को ध्यान मे रखते हुए एवं आमजन के हित को ध्यान मे रखते हुए सरकार ने मनरेगा समय मे परिवर्तन कर दिया गया है अब वर्तमान मे सुबह 6 बजे से दोपहर 01 बजे तक का किया गया है इसी समय मे एक घण्टे का विश्राम काल भी शामिल है। अन्य दूसरे जिलो की तरह अलवर अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी अलवर ने भी 20 अप्रैल को लिखित मे आदेश निकाला है कि गर्मी के मौसम को ध्यान मे रखते हुए मनरेखा समय सुबह 6 से 01 बजे तक किया जाता है और आदेश मे यह भी लिखा है कि यह समय 15 जुलाई तक अथवा मानसुन आने तक के लिए प्रभावी है।( जो भी पहले हो) इस आदेश मे यह भी लिख रखा है इसको तुरंत प्रभाव से लागु करने का लक्ष्य आदेश दिया जाता है।

# तिजारा में विधायक ने किया स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा तिजारा**



विधायक संदीप यादव ने पंचायत समिति तिजारा में आयोजित स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक संदीप यादव ने चिकित्सा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी चिकित्सा अधिकारियों से ली एवं विधायक ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि आप सभी अपनी जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए पीड़ित लोगों को सहायता पहुंचाएं एवं उनका सहयोग करें। स्वास्थ्य मेले में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई समस्या समस्या नहीं होनी चाहिए। स्वास्थ्य मेले में राजस्थान सरकार एवं चिकित्सा विभाग की ओर से अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पंचायत समिति तिजारा में स्वास्थ्य मेले के आयोजन में टेलीमेडिसिन सर्विस, मातृत्व स्वास्थ्य परीक्षण, शिशु रोग परीक्षण, नियमित टीकाकरण, कोविड टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, विकलांग प्रमाण पत्र, नेत्र रोग, कान नाक गला रोग, दंत रोग, टीवी, लेपरोसिस, मलेरिया, डेंगू, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य योजनाओं का लाभ मिलेगा स्वास्थ्य मेले में दो चिकित्सक डॉ पूजा यादव चर्म रोग विशेषज्ञ एवं डॉ कनिका यादव नेत्र रोग विशेषज्ञ के अनुपस्थित मिलने पर विधायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए उच्च अधिकारियों को दूरभाष पर संपर्क कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए एवं चिकित्सा मंत्री से भी संपर्क कर कैंप में अनुपस्थित मिले चिकित्सा कर्मियों की शिकायत की। स्वास्थ्य मेले में डिप्टी सीएमएचओ महेश बैरवा आर सी एच ओ अरविंद गेट ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज यादव, डॉ सागर अरोड़ा कैम्प प्रभारी, डॉ मनोज कुमारी स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर चेतन मेहरा हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर चेतन यादव कान नाक गला रोग विशेषज्ञ सहित चिकित्सक, नर्सिंग कर्मी एवं स्वास्थ्य मेले में आए हुए लोग उपस्थित रहे।

# अलवर में बनी सस्पेंस थ्रीलर फिल्म पिन कोड में नजर आएंगे स्थानीय कलाकार

### अगस्त तक होगी रिलीज

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**



जिले के कलाकार जल्द ही बड़े पर्दे पर नजर आएंगे. केरल के लेखक व डायरेक्टर डॉ अनूप सैमुअल ने %पिन कोड% नाम से एक सस्पेंस थ्रीलर फिल्म बनाई है. इस शॉर्ट फिल्म की ज्यादातर शूटिंग अलवर व आसपास क्षेत्र में की गई है. फिल्म में अलवर के कलाकारों को लिया गया है.डायरेक्टर डॉ अनूप ने बताया कि करीब एक घंटे की शॉर्ट फिल्म अगस्त माह तक ओटीटी के सभी प्लेटफार्म पर रिलीज की जाएगी. उन्होंने कहा कि अलवर के रहने वाले असिस्टेंट डायरेक्टर राहुल के साथ घूमने के लिए यहां आए थे. यहां की लोकेशन उनको अन्य जगहों की तुलना में बेहतर लगी. इसलिए उन्होंने अलवर में फिल्म की शूटिंग करने का फैसला लिया. इसमें अलवर के युवाओं को काम करने का मौका मिला है. रंगमंच के पुराने कलाकार पारिजात शर्मा ने मलयाली में लिखी स्क्रिप्ट को हिंदी में कन्वर्ट किया. उसके बाद इसकी अलवर के अलग-अलग लोकेशन पर शूटिंग की गई.अलवर के अलावा दिल्ली, मथुरा, आगरा के आसपास क्षेत्रों में भी शूटिंग की गई है. इस फिल्म में कमिश्नर के रोल के लिए अलवर के कवि विनीत चौहान को लिया गया है. फिल्म में मुख्य कलाकार की भूमिका परिजात शर्मा ने निभाई है. इसके अलावा फिल्म में नायिका की भूमिका नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से पढ़ी हुई यामिनी शर्मा को दी गई है. साथ ही पुलिस वाले के रूप में अलवर के एक शिक्षक मनीष जैन को भी फिल्म में मौका मिला है. फिल्म के कलाकार व डायरेक्टर ने बताया कि यह फिल्म खासी रोमांचकारी व सस्पेंस से भरी हुई है. इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ ही फिल्म फेस्टिवल में दिखाया जाएगा. उन्होंने कहा कि अलवर की लोकेशन अन्य जगहों की तुलना में बेहतर है. यहां प्रकृति का अद्भुत सौंदर्य है. अरावली की वादियों से गिरा हुआ. अलवर अपनी खास पहचान रखता है. इसलिए आगामी समय में उन्होंने कई और फिल्में अलवर में करने का फैसला लिया है.


# गहलोत सरकार के प्रति विरोध प्रदर्शन के साथ चलाया हस्ताक्षर अभियान

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**



भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा अलवर दक्षिण के जिलाध्यक्ष तरुण जैन के नेतृत्व में, प्रदेश अध्यक्ष भाजयुमो हिमांशु शर्मा के आह्वान पर भाजयुमो अलवर दक्षिण के द्वारा राव तुलाराम सर्किल पर गहलोत सरकार की विफलताओं को लेकर नारेबाजी की गई व विरोध प्रदर्शन किया गया! कार्यक्रम संयोजक मंडल अध्यक्ष भाजयुमो रजत ठकुरिया ने बताया विरोध प्रदर्शन में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला महामंत्री पवन जैन पार्षद सतीश यादव हेतराम यादव जितेंद्र सैनी ने गहलोत सरकार की क्रमबद्ध विफलताओं पर प्रहार किया और कहां यह सरकार युवा विरोधी और घोषणाजीवी सरकार है! सोशल मीडिया प्रभारी विजय कोली ने गहलोत सरकार को दलित विरोधी कहते हुए नाकारा और निकम्मी सरकार बताया! अध्यक्षता कर रहे हैं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र गोयल ने गहलोत सरकार को युवाओं के सपनो पर कुठाराघात करने वाली और बिकाऊ सरकार बताया जो चंद पैसों में अनंत युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ कर रही है रीट भर्ती परीक्षा मामला हो आर एस भर्ती परीक्षा मामला हो या युवाओं के साथ बेरोजगारी भत्ता मामले में लापरवाही हो यह युवा विरोधी सरकार को प्रदेश का युवा उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हो चुका है और गहलोत सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है विरोध प्रदर्शन के बाद युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने वहां आने जाने वाले आमजन से , गहलोत सरकार की विफलताओं को लेकर हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर कराएं कार्यक्रम में भाजयुमो जिला महामंत्री भविक जोशी, मोहन चौहान, जिला मंत्री मयंक खंडेलवाल ,उपाध्यक्ष सुनील गुर्जर , कुछ कौशिक ,मंडल अध्यक्ष ललित पवार ,अमृत महोत्सव संयोजक नवनीत सिंह, प्रवीण अग्रवाल ,अरुण चौधरी, धीरज शर्मा, अमित जोगी, कपिल सोनी, जतिन छाबड़ा, विनोद यादव, दीपक नायक, प्रियांश तागरा, लखन गोयल आदि का सहयोग रहा!

## सेनेटरी नैपकिन के बारे में ऑनलाइन संगोष्ठी आयोजित



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा बानसूर**

ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चूला मे इश्या फाउंडेशन नई दिल्ली के द्वारा कक्षा नौवीं ,ग्यारहवीं एवं सातवीं की बालिकाओं के लिए सेनेटरी नैपकिन के प्रयोग एवं रखरखाव तथा महावारी के संबंध में जागरूकता लाने के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की गई ।ईशा फाउंडेशन के द्वारा आयोजित इस काउंसलिंग में शिक्षाविद सुपर्णा मानी एवं ईशा फाउंडेशन की दिल्ली स्थित कार्यालय की काउंसलर शालिनी गुप्ता ने इस महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया ।बालिकाओं के लिए इस सेशन को स्मार्ट क्लासरूम के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित किया गया। जिसमें बालिकाओं ने रूबरू होकर व्यक्तिशः अपनी समस्याओं का समाधान भी प्राप्त किया। इस अवसर पर काउंसलर ने स्त्री के शरीर की रचना पुरुष के शरीर से अलग होने से लेकर महावारी के संबंध में एवं सेनेटरी नैपकिन के संबंध में बालिकाओं को व्यापक जानकारी प्रदान की तथा उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। बालिकाओं को ग्रामीण क्षेत्र में इस दिशा में गलत धारणाओं को छोड़ने एवं वैज्ञानिक चिंतन पैदा करने की दिशा में अग्रसर किया ।कार्यशाला मे बताया गया कि संसार में नारी का स्थान पुरुष से ऊपर माना गया है और प्रकृति संचालन में नारी की भूमिका को प्रमुख स्थान दिया है। प्रकृति स्त्री के माध्यम से ही अपना फैलाव करती है। इसके लिए स्त्री की महत्ता के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई ।महावारी शरीर की एक प्राकृतिक व्यवस्था है। यह कोई धार्मिक व सामाजिक तरह का क्रिया कांड नहीं है। यह नैसर्गिक है। प्रत्येक बालिका को इसकी जानकारी होनी चाहिए ताकि उसके जीवन में इसे लेकर किसी तरह का कोई व्यवधान नहीं आए। आने वाले दिनो में विद्यालय में आकर बालिकाओं से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया गया । इस हेतु बालिकाओं ने रुचि भी प्रदर्शित की। अगली सेमिनार में छात्राओं की माताओं को भी शामिल करने का निर्णय लिया गया। जिससे समाज में भी इस दिशा में गलत धारणाओं को दूर किया जाए। अलवर जिले के इश्या फाउंडेशन के कोऑर्डिनेटर आर एस निर्वाण के सहयोग से यह कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें 46 बालिकाओं ने भाग लिया। विद्यालय परिवार ने इसके लिए फाउंडेशन का आभार जताया। विद्यालय के कार्यवाहक संस्था प्रधान अमर सिंह एवं शिक्षक महिपाल सिंह यादव ने कार्यक्रम के संयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

## मेहंदी में सुषमा और रंगोली में महाराणा सांगा सदन प्रथम




**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा बहरोड़**

क्षेत्र के गांव भीटेड़ा बाबा खेतानाथ महिला विद्यापीठ परिसर स्थित शिक्षक प्रशिक्षण महा विद्यालय में बुधवार को प्रशिक्षु शिक्षिकाओं का सात दिवसीय खुला सत्रीय तरंग उत्सव के दुसरे दिन मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डां तेजपाल यादव ने बताया कि प्रशिक्षु प्रथम वर्ष की शिक्षिकाओं के तरंग उत्सव में मेहंदी प्रतियोगिता में सुषमा ने प्रथम, मनीषा ने द्वितीय एवं रिंकू ने तृतीय और रंगोली प्रतियोगिता में महाराणा सांगा सदन प्रथम,महाराणा प्रताप सदन द्वितीय और पृथ्वीराज चौहान सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका बीएसटीसी प्राचार्या डां सुमन यादव और सुविरा यादव ने निभाई।विद्यापीठ संयोजक डां करण सिंह यादव और प्राचार्य डा.जीतेन्द्र कुमार यादव ने प्रशिक्षु शिक्षिकाओं को राजस्थान की सांस्कृतिक एवं कलात्मक कार्यशैली और उत्साहवर्धन एवं पुनर्बलन के बारे मे जानकारी दी । शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्या डा. सुनीता यादव ने मेहंदी और रंगोली बनाने की जानकारी दी और आगे के कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत करवाया। कार्यक्रम में प्रोफेसर संजोगता यादव, मुकेशबाला, डां अंजना यादव, मुनेश,अनिता एवं आशा यादव उपस्थित थी।

# दो बाबुओ के भरोसे उपखंड का भारतीय स्टैट बैंक

## घंटो लाईन में खडे होकर करना पडता है इंतजार

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोटकासिम**

कोटकासिम उपंखड मुख्यालय स्थित भारतीय स्टैंट बैंक की शाखा में पिछले काफी समय से स्टाफ का भारी अभाव चल रहा है। जिसके चलते बैंक उपभोक्तओं को आए दिन खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैंक सूत्रों के अनुसार बैंक की शाखा में 6 क्लर्क की पोस्ट है। जिसमें 4 क्लर्को का कई माह पूर्व तबादला होने के पश्चात इन पदो पर काफी समय बीत जाने पर भी विभाग द्वारा क्लर्क नही लगाये गये। जिसके चलते स्टेट बैंक की शाखा मात्र 2 ही क्लर्क के भरोसे चल रही है। जबकी इस उपखंड मुख्यालय की बैंक शाखा पर अन्य बैंक शाखाओ से अधिक लोड होने के कारण यहा और भी अधिक स्टाफ की आवश्यकता पड रही है। लेकिन जो क्लर्क कार्यरत थे उनके भी तबादले के बाद रिक्त पदो पर अन्य क्लर्को को नही लगाये जाने से बैंक की व्यवस्था पूरी तरह डामाडोल चल रही है।

### लाईनो में करना पडता है घंटो इंतजार

उपखंड की स्टेट बैंक की शाखा में पिछले काफी समय से स्टाफ के अभाव के कारण हालात इतने बिगडे हुए है की बैंक शाखा में जाने वाले उपभोक्ताओ को बैंक संबंधि कार्यो के लिए घंटो इंतजार करना पडता है। कई बार तो उपभोक्ताओ में अपनी पारी को लेकर झगडे और विवाद व कहा-सुनी होती रहती है। इस विषय को लेकर बैंक में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी काफी परेशान देखे जा रहे है। लेकिन स्टाफ के अभाव के कारण बैंक शाखा की सारी व्यवस्था डामाडोल चल रही है।

### इनका कहना है

शाखा प्रबधंक गोपाल दान चारण ने बताया की बैंक शाखा में क्लर्को की 6 पोस्ट है। जिनमे क्लर्को के चार पद पिछले काफी समय से रिक्त चल रहे है। ऐसे में शाखा में वर्कलोड अधिक होने से व्यवस्था में व्यवधान बना रहता है। उन्होने बताया की रिक्त पदो पर क्र्लक लगाने की मांग कई बार विभाग के उच्च अधिकारियो को लिखित भेजी जा सकती है। उसके बावजूद भी बैंक शाखा मे क्र्लको के रिक्त पदो पर विभाग द्वारा नियुक्त नही किया गया। जिससे आने वाले उपभोक्ताओ को परेशानी का सामना करना पड रहा है। उन्होने बताया की वर्कलोड अधिक होने से बैंक समय के अलावा भी बैंक में कार्य करना पड रहा है। उपभोक्ताओ की व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। लेकिन रिक्त पदो पर क्र्लक की नियुक्ति बहुत जरूरी है।




### वर्कलोड ज्यादा, शेष रहे क्लर्को का भी तबादला होने से व्यवस्था हुई डामाडोल

कोटकासिम के भारतीय स्टेट बैंक में अन्य बैंको की तुलना में सबसे अधिक वर्कलोड है। स्टेट बैंक की शाखा में वृद्धा, विधवा व विकलांग पेंशनर्श के अलावा सेनानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारियो के अलावा सबसे अधिक खाते भी इसी बैंक शाखा से जुडे हुए होने से कार्य और भी अधिक बढा हुआ है। ऐसे में दो क्लर्को के भरोसे इतना वर्कलोड होना संभव बात नही है। उपखंड मुख्यालय पर यह स्टेट बैंक की शाखा सबसे पहले शुरू हुई थी। जिसके चलते आज हजारो की संख्या में उपभोक्ता इस बैंक शाखा से जुडे हुए है। वही बैंक शाखा के प्रबंधक की और से भी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोई कमी नही है। बैंक शाखा के बाहर लगे एटीएम की सुविधा दूर-दूर तक के ग्रामीणो को उपलब्ध मिलती है। इसके अलावा बैंक शाखा में क्रेडिट कार्ड संबंधित किसान भी काफी संख्या में जुडे हुए है। जिसके चलते क्षेत्र के जनप्रतिनिधि बैंक को क्रमोन्नत करने की आस देख रहे है। लेकिन यहा मामला कुछ उल्टा ही होता दिखाई दे रहा है। बैंक क्रमोन्त के बजाय यहा पर कर्मचारियो के पद रिक्त होने पर नए उपभोक्ताओ के अन्य बैंको में खाता खुलवाने के लिए मन बना लिया है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो स्टेट बैंक की शाखा में उपभोक्ताओ का भारी अभाव हो सकता है।

## रामपुरा प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ ने सकारात्मक सोच के साथ की अच्छी अच्छी पहल



### गरीब विधवा की बेटी के विवाह मे 5100/-रूपये का दिया कन्यादान

**वांइस आफ प्रतीज्ञा रैणी**

अलवर जिले की रैणी पंचायत समिति के रामपुरा सरकारी सीनियर स्कूल के प्रधानाचार्य आशुतोष जागिंड एवं समस्त स्टाफ के द्वारा सर्वसमाज को एक अच्छी सकारात्मक सौच के साथ अच्छा उदाहरण पेश करते हुए अच्छी मिशाल कायम की है। रामपुरा स्कूल के स्थानीय स्टाफ घनश्याम मीना के द्वारा मिडिया कर्मीयों को बताया कि हम इस बात का दिखावा करने के लिए खबर नही नही बनवाना चा रहे है बल्कि इसलिए खबर लगवाना चाह रहे है कि इस तरह की पहल अन्य दूसरे विधालय स्टाफ वाले भी कर सके और सर्वसमाज मे मानवता का एक अच्छा संदेश जा सके तथा इस तरह की सकारात्मक सोच सभी के मन मे होनी भी चाहिए। यदि इस तरह की भावना सभी के मन मे जागृत हो जाएगी तो गरीब परिवार को अपनी बेटी के विवाह करने मे सहयोग मिल सकेगा और मानवता के नाते हम सभी को सर्वसमाज के गरीब परिवार की अपनी श्रदानुसार कन्यादान राशि देते हुए सहयोग जरूर जरूर करना चाहिए। ऐसी सकारात्मक सोच हम सभी को मन मे रखते हुए सर्वसमाज की बेटियो के विवाह मे अपनी श्रदानुसार कन्यादान अवश्य ही करना चाहिए।

## दो केन्ट्रा ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत, 3 की मौत 4 घायल



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

अलवर के लक्ष्मणगढ़ थाना अंतर्गत मौजपुर गांव के पास निर्माणाधीन दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे पर बुधवार सुबह दो केन्ट्रा ट्रक में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई. हादसा इतना दर्दनाक था कि एक ट्रक में बैठे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ट्रक में बैठे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को लक्ष्मणगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है. सभी मृतक और घायल उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं.थाना एसएचओ अजीत सिंह ने बताया कि दिल्ली स्थित आजादपुर मंडी से एक खाली केन्ट्रा ट्रक झिरका फिरोजपुर से दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे पर चढ़ा था. इसमें तीन लोग बैठे हुए थे, तो दूसरी तरफ महुआ से तूड़ी से भरा हुआ एक ट्रक एक्सप्रेस वे पर चढ़ा इसमें 4 लोग बैठे हुए थे. लक्ष्मणगढ़ थाना अंतर्गत मौजपुर गांव के पास दोनों ट्रकों में आमने सामने टक्कर हो गई. दोनों ट्रकों की रफ्तार तेज थी. इस जबरदस्त टक्कर में दिल्ली की तरफ से आ रहे ट्रक में बैठे तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. इस ट्रक में ड्राइवर और उसका एक साथी आगे केबिन में बैठा हुआ था जबकि एक व्यक्ति पीछे ट्रक में बैठा हुआदूसरी तरफ तूड़ी के ट्रक में 4 लोग बैठे हुए थे जो घायल हो गए. हादसे की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और लक्ष्मणगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया. यहां डॉक्टरों ने 3 लोगों को मृत घोषित कर दिया. जबकि चार का इलाज जारी है. मामले की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे. तेजस्विनी गौतम ने कहा हादसे के कारणों की जांच चल रही है

## सड़क किनारे खड़ी बुजुर्ग महिला व बालिका को पिकअप ने मारी टक्कर, बालिका की हुई मौके पर मौत, बुजुर्ग महिला हुई घायल



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा राजलदेसर**

तहसील के गांव भोजरासर के मेगा हाईवे पर सड़क किनारे खड़ी एक 11 साल की बालिका व एक बुजुर्ग महिला को एक पिकअप चालक ने तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बुजुर्ग महिला घायल हो गई। मौके पर खड़े लोगों ने तुरंत घायल बुजुर्ग महिला को राजकीय अस्पताल पहुंचाया। बालिका के शव को राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। परिजनों की मौजूदगी में बालिका के शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। गांव भोजरासर के ओम प्रकाश पुत्र बुधाराम सांसी ने पुलिस को रिपोर्ट देकर बताया कि मेरी पोती अनीता पुत्री राजूराम उम्र 11 साल व मेरी सास कानी देवी पत्नी भूराराम उम्र 75 साल मेरे मकान का पिछला गेट जो मेगा हाईवे पर खुलता है। जिसके पास यह दोनों अपनी साइड में खड़ी थी, मंगलवार रात्रि को एक सफेद रंग की पिकअप सरदारशहर की तरफ से आई और पिकअप के चालक ने तेज गति व लापरवाही से पिकअप को चलाते हुए मेरी पोती व सास को जोरदार टक्कर मारी और मेरी पोती के ऊपर से पिकअप को निकाल दिया। जिससे मेरी पोती की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मेरी सास को चोटें आई। पिकअप चालक घटना के बाद भानीपुरा की तरफ पिकअप को लेकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने मेरी घायल सास को राजकीय अस्पताल पहुंचाया जहां पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर पिकअप चालक की तलाश शुरू कर दी।

### जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक आयोजित

# आमजन के वाजिब काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: जिला प्रमुख

**अलवर**

जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर ने कहा कि प्रधान, जिला परिषद् सदस्यों एवं पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा अवगत कराई गई समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर अधिकारी उनका यथासंभव समय पर निराकरण कर आमजन को राहत पहुंचाए। जिला प्रमुख छिल्लर की अध्यक्षता में बुधवार को जिला परिषद् साधारण सभा की बैठक जिला परिषद् सभागार में आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर लागू कराने में कार्मिकों एवं जनप्रतिनिधियों की महती जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित करें कि सरकारी योजनाओं से एक भी पात्रा व्यक्ति वंचित नहीं रहे। उन्होंने बताया कि किशनगढबास पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक में स्वयं उपस्थित रहा जिसमें पानी एवं बिजली के सर्वाधिक मुद्दे आए। इसी प्रकार जिले भर में भी पानी एवं बिजली से जुडी ज्यादा समस्या है। अतः संबंधित अधिकारी जनप्रतिनिधियों से समन्वय रखते हुए समस्या का निराकरण करावे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि बैठक में उठाए गए प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध रूप से करें। अन्यथा संबंधित अधिकारी के विरूद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई कराई जाएगी। रामगढ विधायक मती सफिया जुबेर खान ने सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा के काम समान रूप से आवंटित करने, विद्युत कटौती अति आवश्यक होने पर ही करने एवं उसकी सूचना प्रसारित करने तथा राज्य सरकार की योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करने की आवश्यकता बताई। मुण्डावर विधायक मंजीत धर्मपाल चौधरी ने जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन के लिए खोदी गई सडकों की साथ की साथ मरम्मत कराने, नीमराना कस्बे से सब रजिस्ट्रार कार्यालय को नए तहसील भवन में शिफ्ट कराने तथा नीमराना बाईपास रोड बनवाने की कार्यवाही करने के संबंध में अपनी बात रखी।

### जनप्रतिनिधियों ने समस्याओं से कराया अवगत

उप जिला प्रमुख मती ललिता मीना ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण के लिए अनावश्यक चक्कर लगवाने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने पेयजल टंकियों की नियमित सफाई कराने तथा पम्प चालकों की प्रभावी मॉनिटरिंग रखने की बात कही। रामगढ प्रधान नसरू खान ने ग्राम टोडा करमाली में 3 माह से सिंगल फेस ट्रान्सफार्मर नहीं लगने तथा एमआईए की फैक्ट्रियों का गंदा पानी मानसरोवर बांध में जमा होने से अवगत कराते हुए कहा कि वहां पर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाना आवश्यक है। पार्षद भीमराज द्वारा सोडावास क्षेत्रा में सिंगल फेस ट्रान्सफार्मर देने में अनियमितता बरतने, पार्षद जयप्रकाश झाबर ने वार्ड संख्या 1 के वर्षो पुराने कदेमी रास्तों को राजस्व रिकार्ड में दर्ज कराने तथा पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने, पार्षद उस्मान खान ने जलदाय विभाग के कर्मचारियों द्वारा किशनगढबास क्षेत्रा में पेयजल वितरण में लापरवाही बरतने, किशनगढबास प्रधान बी.पी सुमन ने पेयजल आपूर्ति टैंकरों की सरकारी दर कम होने के कारण निविदाएं सफल नहीं होने का कारण बताते हुए दर बढाने की मांग रखी। पार्षद संदीप फैलादपुरिया ने शाहजहांपुर क्षेत्रा में बीयर कम्पनियों द्वारा स्वीकृत बोरवेल से अधिक बोरवेल खोदकर अधिक पानी के दोहन की जांच कराने की बात कही तथा बीजवाड पीएचसी से डाक्टर एवं स्टाफ 2 बजे बाद गायब हो जाते हैं इसकी जांच कराकर कार्रवाई करने के संबंध में अपनी बात रखी। गोविन्दगढ प्रधान ने बीडीओ की कार्य प्रणाली से असंतोष जाहिर करते हुए उसके स्थान पर नया बीडीओ लगाने की बात कही। कोटकासिम प्रधान मती विनोद कुमारी सांगवान ने कोटकासिम में हाल ही में चिकित्सा विभाग द्वारा लगाए गए हैल्थ मेले को निर्धारित समय से पूर्व ही समाप्त करने से अवगत कराया तथा राज्य सरकार द्वारा वीसीआर के प्रकरणों में छूट दी गई है उसका अधिक से अधिक लाभ दिलवाने के लिए विद्युत विभाग के कार्मिकों को निर्देशित करने की बात रखी। पार्षद जगदीश जाटव ने ग्राम तूलेडा में चार माह से मनरेगा का कार्य प्रारम्भ नहीं करने से अवगत कराया।

### लापरवाही सामने आने पर सख्त कार्रवाई होगी - जिला कलक्टर

जिला कलक्टर शिवप्रसाद नकाते ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो काम नियमानुसार उचित है उसको शीघ्र गति से निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले की पेयजल समस्या के निराकरण के लिए जिले भर के जलदाय अधिकारियों की शीघ्र बैठक ली जाएगी। पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायतवार पेयजल आपूर्ति की समीक्षा कर पेयजल व्यवस्था में सुधार कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेयजल वितरण व्यवस्था में जिस भी अधिकारी की लापरवाही पाई जाएगी उसको चार्जशीट देकर विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल टैंकर की दरों को रिव्यू कराने हेतु जिला स्तरीय कमेटी में प्रस्ताव रखे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को किसान आन्दोलन से क्षतिग्रस्त हुई सडकों को पुनः बनवाने के प्रस्ताव विभाग को भिजवाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया कि राज्य सरकार द्वारा 31 दिसम्बर 2021 तक के बकाया वीसीआर के प्रकरणों में 50 फीसदी छूट देने की योजना के तहत इस दायरे के बाकीदारों को राज्य सरकार द्वारा दी जा रही छूट से अवगत कराते हुए प्रकरण सेटल करे। उन्होंने प्रदूषण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी को औद्योगिक प्रदूषण एवं अन्य शिकायतों पर की गई कार्रवाई से अवगत कराने के लिए आगामी बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों की शिकायतों पर अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशान करने एवं कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कार्मिक की शिकायत की जांच कर तुरन्त कार्रवाई करें। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि बीजवाड चौहान पीएचसी के स्टाफकी जांच कर अनुशासनात्मक कार्रवाई करें। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बजट में मनरेगा में 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार देने की घोषणा की गई है जिसके तहत मनरेगा कार्मिक 100 दिन पूरे होने पर 25 दिन का अधिक कार्य कर सकेंगे। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में अब 10 लाख रूपये तक का कैशलेस इलाज कराने की सुविधा दी गई है। इस योजना से एक भी परिवार वंचित न रहे इसके लिए जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्रा में आमजन को इस योजना से जोडने के लिए प्रोत्साहित करें। जिला परिषद के सीईओ डॉ. गौरव सैनी ने विश्वास दिलाया कि साधारण सभा की बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों तथा आमजन की समस्याओं का निराकरण जिला प्रशासन से समन्वय कर शीघ्र कराया जाएगा।

### इनका किया अनुमोदन

जिला परिषद के सीईओ सैनी ने बताया कि बैठक में वर्ष 2022-23 की मनरेगा की वार्षिक कार्य योजना एवं श्रम बजट एवं 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत जिला परिषद के मद के कार्यो की जिला पंचायत विकास कार्यों की योजना, राज्य वित्त आयोग पंचम एवं षष्ट्म के अन्तर्गत जिला परिषद मद के कार्यो हेतु डीपी का अनुमोदन, वनाधिकार नियम के तहत जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर वनाधिकार समिति हेतु तीन-तीन सदस्यों के मनोननयन सूची का अनुमोदन, ग्राम पंचायत रसगन द्वारा ग्राम रसगन में उप स्वास्थ्य केन्द्र हेतु 5 हजार 424 वर्गगज गैर आबादी भूमि से भूमि आवंटन प्रस्ताव का अनुमोदन, जिला परिषद स्तर पर गठित स्थाई समितियों में से विकास एवं उत्पादन कार्य समिति को जैव विविधता प्रबंध समिति का कार्य करने हेतु अधिकृत किया जाकर जैव विविधता प्रबंध समिति के कार्यों पर विचार हेतु वन विभाग के वरिष्ठतम अधिकारी/कर्मचारी को स्थाई समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनीत किए जाने के प्रस्ताव, जिला परिषद निजी आय से वाहन क्रय किए जाने/मानव संसाधन लगाए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन तथा गत बैठक की कार्यवाही विवरण का ध्वनिमत से अनुमोदन किया गया।

## जिला परिषद परिसर में खुली राजीविका कैन्टीन

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

जिला प्रमुख श्री बलबीर सिंह छिल्लर एवं जिला कलक्टर श्री शिवप्रसाद नकाते ने जिला परिषद परिसर में राजीविका कैन्टीन का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिला प्रमुख श्री छिल्लर ने कहा कि इस कैन्टीन का संचालन राजीविका के महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा किया जाएगा। इस कैन्टीन से जिले भर से आने वाले जनप्रतिनिधियों एवं फरियादियों को लाभ होगा। एक स्थान पर ही चाय, नाश्ता, बिस्कुट आदि न्यूनतम दरों पर मिल सकेंगे। जिला कलक्टर श्री नकाते ने कहा कि इस कैन्टीन से महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होने के साथ उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पादों के लिए प्लेटफार्म भी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि राजीविका के माध्यम से हर ब्लॉक में इस प्रकार की कैन्टीन खुलवाई जाए। जिला परिषद के सीईओ श्री गौरव सैनी ने कहा कि राजीविका के द्वारा महिला समूहों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं जिसको संबल प्रदान करने के लिए यह पहल की गई है। इसको ब्लॉक स्तर पर भी ले जाया जाएगा। राजीविका कैन्टीन को सभी जनप्रतिनिधियों ने सराहा। इस दौरान उप जिला प्रमुख श्रीमती ललिता मीणा, विधायक श्रीमती सफिया जुबेर खान, विधायक श्री मंजीत धर्मपाल चौधरी सहित प्रधान एवं पार्षदगण उपस्थित थे।

## मनरेगा के कार्यो का समय बदला

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि जिले में वर्तमान में अत्यधिक गर्मी के मौसम के मद्देनजर महात्मा गांधी नरेगा योजना के कार्यो के समय में तुरन्त प्रभाव से बदलाव करते हुए प्रातः 6 बजे से मध्यान्ह 1 बजे तक (विश्राम काल रहित) निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था 15 जुलाई 2022 तक अथवा मानसून आने तक जो भी पहले हो तक के लिए प्रभावी रहेगी। साथ उन्होंने अवगत कराया है कि यदि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टोल के प्रपत्रा में टास्क अंकित कराकर समूह के मुखिया के हस्ताक्षर के उपरान्त कार्य स्थल छोड सकते हैं।

## अवैध रूप से खनिज का निर्गमन करने वाले वाहनों को जब्त कर 7 लाख 42 हजार रूपये शास्ती आरोपित की गई

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

खनि अभियन्ता श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले में अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा निरन्तर कार्रवाई की जा रही है जिसके तहत मंगलवार को पुलिस चौकी विजय मंदिर के पास अवैध खनिज परिवहन की चैकिंग के दौरान एक टैक्ट्रर-ट्रॉली जो कि अवैध रूप से क्रेशर ग्रिट ले जाने पाए जाने पर जब्त किया तथा 2 लाख 67 हजार 601 रूपये की शास्ती आरोपित कर वसूली की गई तथा जब्त वाहन को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार आज पुलिस थाना क्षेत्रा एमआईए में चैकिंग के दौरान एक डम्फर अवैध रूप से मार्बल परिवहन करने पर जब्त किया गया, ग्राम माणकी में एक अवैध रूप से चेजा पत्थर का परिवहन करते पाए जाने पर एक डम्फर को जब्त किया गया तथा तिजारा के ग्राम शेखपुर में अवैध रूप से चेजा पत्थर ले जाते हुए दो डम्फरों को जब्त किया गया। इस प्रकार कुल चार डम्फरों को अनाधिकृत रूप से खनिज का निर्गमन करने पर 4 लाख 75 हजार 232 रूपये की शास्ती आरोपित की गई तथा डम्फरों को पुलिस को सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि मालाखेडा के ग्राम बिलन्दी में अवैध खनन की रोकथाम के लिए खनि विभाग की टीम ने अवैध खनन क्षेत्रों के रास्तों को जेसीबी से अवरूध कराया गया।

## अधीक्षण अभियन्ता ने लिया पेयजल समस्या का जायजा

### अम्बेडकर नगर में करीब 200 अवैध कनेक्शन हटवाए

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा अलवर**

जलदाय विभाग के अधीक्षक अभियन्ता श्री सुनील गर्ग ने आज प्रातः 6 बजे अलवर शहर की पेयजल आपूर्ति को सुचारू रखने एवं पेयजल की प्राप्त शिकायतों का मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने स्कीम नं. 1 उच्च जलाश्य से जलापूर्ति क्षेत्रा मेहताब सिंह के नौहरे क्षेत्रा का निरीक्षण किया जिसमें पानी नहीं आना पाया गया। उन्होंने सहायक अभियन्ता श्री मुकुल निर्वाण एवं कनिष्ठ अभियन्ता प्रियंका को क्षेत्रा की पेयजल व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश दिये। क्षेत्रावासियों द्वारा विभागीय अभियन्ताओं को पूर्ण प्रभावित क्षेत्रा का मौका मुआयना करवाया गया। साथ ही जलदाय विभाग की टीम द्वारा अम्बेडकर नगर क्षेत्रा में लगभग 200 अवैध कनेक्शनों को हटाया गया। टीम में सहायक अभियन्ता श्री सोनप्रकाश एवं कनिष्ठ अभियन्ता श्री हरिओम जाट थे।

## पेयजल की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पंचायत के ताला जड़कर किया विरोध प्रदर्शन

### सरपंच की समझाइश के बाद शांत हुए ग्रामीण

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा तारानगर**

एक तरफ गर्मी का सितम व दूसरी तरफ प्यास की तड़प। गर्मी शुरू होते ही क्षेत्र में पानी की समस्या उत्पन्न होने लगी है बता दे विराटनगर उपखंड के बजरंगपुरा में ग्रामीणों ने हाथ में मटका लिए पंचायत के ताला जड़कर विरोध प्रदर्शन किया है।वही ग्रामीणों की मांग है कि विगत कई दिनों से क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई है। जिससे कि आमजन परेशान हैं।इस दौरान सरपंच रामनिवास मौर्य ने ग्रामीणों को समझाइश कर ताला खुलवा कर पंचायत कार्य को सुचारू करवाया। वहीं सरपंच रामनिवास मौर्या का कहना है की पंचायत की तरफ से पूरी कार्यवाही हो चुकी है। उच्च अधिकारी संज्ञान में नही लेने के कारण यह समस्या बनी हुई है,वहीं सरपंच का कहना है कि जलदाय विभाग के एईएन,जेईएन को मामले को लेकर कई बार अवगत करवा दिया लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पा रही है।जिससे कि ग्रामीण जन पानी की मांग को लेकर परेशान है।इस दौरान हरिराम शर्मा पूर्व उपसरपंच,ग्राम सचिव सीताराम बुनकर,मालीराम थानेदार,तेजपाल सिंधु, जगदीश,प्रहलाद यादव, मूलचंद, जगदीश सैनी, नेतराम सैनी, लालचंद सैनी,मुकेश सैनी,जयराम यादव,बिहारी लाल शर्मा,बाबूलाल यादव, जगदीश सिंधु, तेजपाल सिंधु,डालचंद गुर्जर सहित अनेक महिलायें मौजूद रही।

## सम्पादकीय

### महंगाई का रुख

पिछले एक साल से महंगाई की दर चौदह फीसद से ऊपर ही बनी हुई है। खुदरा महंगाई के बाद अब थोक महंगाई में बढ़ोतरी ने सरकार के माथे पर चिंता की लकीर गहरी कर दी है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक थोक महंगाई 14.55 फीसद पर पहुंच गई है। यह दर चार महीने के सबसे ऊंचे स्तर पर बताई जा रही है। पिछले एक साल से महंगाई की दर चौदह फीसद से ऊपर ही बनी हुई है। कुछ क्षेत्रों में जरूर कभी-कभी थोड़ी कमी दर्ज हुई, पर सकल थोक महंगाई दर चौदह फीसद से ऊपर ही रही। इसकी वजह कच्चे तेल और जिंसों की कीमतों में हुई बढ़ोतरी बताई जा रही है। पहले ही लोग पेट्रोल-डीजल-घरेलू गैस और रोजमर्रा के इस्तेमाल की उपभोक्ता वस्तुओं, सब्जी, खाद्य तेल, दूध आदि की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से परेशान हैं। कयास लगाया जा रहा है कि इस पर काबू पाने के लिए रिजर्व बैंक ब्याज दरों में बदलाव कर सकता है। मौद्रिक नीति की समीक्षा से पहले ही स्टेट बैंक और एक्सिस बैंक ने अपनी ब्याज दरों में क्रमशः दस और पांच आधार अंकों की बढ़ोतरी कर दी है। यानी जिन लोगों ने आवास, वाहन, कारोबार आदि के लिए इन बैंकों से कर्ज लिया है, उन्हें अब कुछ अधिक किस्त चुकानी पड़ेगी। इस तरह महंगाई की मार लोगों पर कई तरफ से पड़ रही है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि रूस और यूक्रेन युद्ध के चलते कच्चे तेल के दामों पर असर पड़ा है। मगर भारत में बढ़ रही महंगाई के संदर्भ में इसे पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। रूस से कच्चे तेल का आयात दूसरे देशों की तुलना में काफी कम होता है। फिर जब यह युद्ध नहीं चल रहा था, तब भी तेल की कीमतें सौ रुपए से ऊपर पहुंच गई थीं। अगर केंद्र ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इनके उत्पाद शुल्क में कटौती न की होती और करीब तीन महीने तक इनकी कीमतें बढ़ने से रोक न रखी होती, तो आज स्थिति शायद और खराब होती। इसके अलावा, देश के खाद्यान्न उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी हुई है। सब्जियों और फलों के उत्पादन में भी कोई कमी दर्ज नहीं हुई है। फिर भी अगर इनकी कीमतें नीचे आने के बजाय ऊपर का ही रुख किए हुई हैं, तो इसकी बड़ी वजह ईंधन की बढ़ी कीमतें हैं। तेल के दाम बढ़ने से ढुलाई पर खर्च बढ़ गया है, जिससे खेत या फिर कारखाने से दुकान तक पहुंचने में वस्तुओं की कीमतें खासी बढ़ जाती हैं। हालांकि महंगाई पर काबू पाने के मकसद से रिजर्व बैंक लगातार ब्याज दरों में परिवर्तन कर बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़ाने का प्रयास करता रहा। मगर उसका भी बहुत असर नहीं पड़ा।

## सीईएलसी आधार नामांकन ऑपरेटर ऑन बॉर्डिंग की तिथि 27 अप्रैल तक बढ़ाई

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा प्रतापगढ़**

जिले की पंचायत समितियों/नगरीय क्षेत्र के लिए सीईएलसी आधार नामांकन केन्द्र स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। केन्द्र पर सीईएलसी आधार नामांकन एवं अद्यतन का कार्य करने हेतु रजिस्ट्रार (सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग) के अधीन नामांकन ऐजेंसी (राजकॉम्प इन्फोसिस्टम लिमिटेड) द्वारा एक ऑपरेटर को यूआईडीएआई नई दिल्ली से आधार (पंजीकरण एवं अपडेट) विनियम 2016 अनुसार कार्य हेतु आईडी/क्रिडेंशियल जारी कराया जाना भी प्रस्तावित है। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के सदस्य सचिव अषोक कुमार ने बताया कि जो भी पात्र व्यक्ति सीईएलसी आधार नामांकन ऑपरेटर के रूप में यूआईडीएआई नई दिल्ली एवं सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान द्वारा निर्धारित निर्बन्धनों एवं शर्तो अनुसार कार्य करने का इच्छुक है वे निर्धारित प्रपत्र में 27 अप्रैल तक ऑनलाईन आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार सभी नये ऑनबोर्ड होने वाले ऑपरेटर्स से 30,000/- रूपये की पेनल्टी सिक्योरिटी राशि व 15000/- रूपये की किट सिक्यूरिटी राशि जमा करायी जायेगी। उन्होंने बताया कि पात्रता एवं अन्य शर्ते जिले की वेबसाईट https://pratapgarh.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

## पक्षी बचाओ परिण्डे लगाओ अभियान के तहत नगर परिषद में लगाए परिण्डे

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा प्रतापगढ़**

जिले में भीषण गर्मी के चलते बेजुबान पक्षियों कि प्यास बुझाने के लिए जिला विकास जन संघर्ष समिति एवं गो गोविंद भक्त मंडल की ओर से चलाए जा रहे पक्षी बचाओ परिंडे लगाओ अभियान के तहत आज नगर परिषद में सभापति कौशल्या देवी के प्रतिनिधि भानुभाई मोहित भावसार पूर्व पार्षद आशीष अहीर गोलू मोदी पार्षद महेश कुमावत सलीम खान दीपक सालवी प्रमोद सालवी ईश्वर मीणा श्याम माली किशोर कुमावत आदि ने नगर परिषद के बगीचे में लगभग 40 परिंदे लगाए गए हैं। जिला विकास जन संघर्ष समिति व गो गोविंदा भक्त मंडल के राजेंद्र खत्री ने नगर परिषद में बेजुबान पक्षियों को बचाने के लिए पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए नगर परिषद में परिंडे लगाए गए साथ ही नगर परिषद सभापति के प्रतिनिधि एवं परिषद के कर्मचारियों को इन परिंडो में प्रतिदिन ठंडा पानी भरने के लिए संकल्प दिलाया गया है।और इस अभियान में पक्षियों को बचाने के लिए आगे आए और गली मोहल्ले कालोनियों में अधिक से अधिक परिंडे लगवाने का आह्वान किया है। खत्री ने बताया कि बेजुबान पक्षियों की रक्षा करना हमारे सनातन धर्म में बहुत बड़ा पुण्य का कार्य है अभी इस भीषण गर्मी में परिंडे लगाकर हजारों मासूम बेजुबान पक्षियों को बचाया जा सकता है।

## पूर्व मंत्री हरीश चौधरी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख फसली ऋण भुगतान की तिथि बढ़ाने की मांग की

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**

प्रदेश के पूर्व मंत्री और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता हरीश चौधरी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर फसली ऋण भुगतान की तिथि आगामी 31 जुलाई 2022 तक बढ़ाने की पुरजोर मांग की है पत्र में चौधरी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि गत वर्ष पश्चिमी राजस्थान में भयंकर सूखा पड़ा था जिसकी वजह से पानी के अभाव में फसल चौपट हो गई थी इसलिए किसानों को भारी नुकसान हुआ और वह फसली ऋण नहीं चुका पाए अब बैंक ब्याज और अन्य शुल्क जोड़कर किसानों से ऋण वसूली की जोरदार तैयारी कर रहे हैं इसलिए किसानों की तकलीफ और पीड़ा को देखते हुए फसली ऋण भुगतान की तिथि आगामी 31 जुलाई तक बढ़ाई जाए ताकि किसानों को राहत मिल सके, उल्लेखनीय है कि हरीश चौधरी वर्तमान में गहलोत सरकार के कैबिनेट मंत्री थे उनके पास राजस्व विभाग की जिम्मेवारी थी लेकिन बाद में पंजाब में विधानसभा चुनावों को देखते हुए उन्हें पंजाब कांग्रेस का प्रभारी बना दिया गया इसके बाद चौधरी ने गहलोत सरकार के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया हालांकि पंजाब में कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन बहुत ही बुरा रहा है लेकिन इसके बावजूद भी हरीश चौधरी कांग्रेश हाईकमान के काफी नजदीक हैं और राजस्थान के जाट नेताओं में से प्रमुख नेता माने जाते हैं जिस तरह से हरीश चौधरी ने गहलोत को किसानों को पत्र लिखकर किसानों की इस पीड़ा से अवगत करवाया है तो निश्चित रूप से गहलोत हरीश चौधरी के इस पत्र पर सकारात्मक कार्रवाई कर सकते हैं

## श्री रोकडिया हनुमानजी मेले में देर रात तक हंसी के ठहाकों के संग कविताओं की वर्षा से भीगे श्रोता

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा प्रतापगढ़**



जिले के रोकड़िया हनुमान मंदिर मेले में चौथे दिन अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित हुआ ।काठमांडू नेपाल, दिल्ली, बिहार,मध्यप्रदेश ,राजस्थान सहित देश के कौने कौने से आये ख्यातनाम कवियों ने काव्य पाठ किया । देर रात तक जिला कलेक्टर शौरभ स्वामी ने काव्य रस पान किया । कार्यक्रम की शुरुआत जिला कलेक्टर प्रतापगढ़ के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलन से की गई श्री हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष भंवरलाल व्यास एवं समिति के सदस्यों द्वारा अतिथियों एवं पधारे हुए कवियों का स्वागत किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत में इंदौर की कवियत्री कांठल की बेटी भुवन मोहिनी ने मां सरस्वती की वंदना से की श्रोतागणों ने तालियों के पुष्प अर्पित किए। तत्पश्चात बेटमा के कवि संजय खत्री ने हास्य व्यंग्य की बौछार से धूम मचाते हुए बेटियों पर कविता समस्याए रोज नई खड़ी हो जाती है पैरो की पायल ही हथकड़ी हो जाती है हंसती खेलती हुई अच्छी लगती थी आंगन में पता नही क्यो बेटियां इतनी जल्दी बड़ी हो जाती हैं पढ़कर दाद बटोरी । गंगरार से आए कविश्रेष्ठ राष्ट्रीय गीतकार सोहन चौधरी द्वारा पन्नाधाय मेवाड़ सैनिक जैसे विषयों पर गीतों से मन मोह लिया । अररररर पन्ना काली अँधियारी रात पन्ना चाल पढते हुए आँखों के सामने बलिदानी मेवाड़ का दृश्य उत्पन्न कर दिया । बिहार से आए ग्रेट इंडियन लाफ्टर कवि शंभू शिखर ने हास्य व्यंग्य के तीरों से श्रोताओं को लोटपॉट कर दिया । और फिर अमर शहीद अल्बर्ट एक्का को समर्पित पंक्तियां होंसला समर्पित को हौसला दिलाता हौसला प्रचंड जादू टोना और सारे मंतर उड़ा दिए गोला और बारूदों में इतना साहस भरा तोड़ के पहाड़ जैसे कंकर उड़ा दिए भारती की आरती पे आँख उठी पाक की तो बाजुओं से तोल कर टंकर उड़ा दिए गुमला का लाल बना शत्रुओं का काल और एक एक कर सारे बंकर उड़ा दिए । करते हुए तालियों का महोत्सव खड़ा कर दिया । ठाकुर के लिए जाने जाने वाले बड़े नाम दीपक पारीख भीलवाड़ा ने हास्य व्यंग्य, गजल और छंदो द्वारा मंच लूट लिया । श्रोताओं ने दीपक पारिख को देर तक वन्स मोर के साथ सुना गया । पारिख की पंक्तियों गुजरा जो वक़्त आज बहारों के बीच मेंहमने भी कर दी शायरी यारों के बीच में रिश्ते सुधारने हो तो दीवार तोड़ दोक्यों झाँकते हो रोज दरारों के बीच में । को खूब पसंद किया गया । कभी अपना हिंदुस्तानी में अपने लाजवाब शेर शायरी से लोगों को हंसाते हुए संदेश दिया कभी भी ऐसी विद्रोही ने चिर परिचित अंदाज में हास्य व्यंग्य के साथ देशभक्ति कविता पढ़कर मिट्टी को नमन किया । दिख जाए मां के चरणों में जन्नत वो शिवाला नहीं जाता मां की दुआओं से हो रोशनी घर से उजाला नहीं जाता इस दुनिया मे माँ बड़ा ना कोई देवता विद्रोही यदि बेटा भूखा हो मां के मुंह निवाला नहीं जाता -विजय सिंह विद्रोही हिंदुस्तान की लाडली कवियत्री भुवन मोहिनी ने संक्षिप्त नोक जोक के साथ गीतों से झूमने को मजबूर कर दिया । कवि लक्ष्मण नेपाली काठमांडू द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया, पता नहीं कभी लोकेश लखन ने भी मिमिक्री कला से हंसाया ।

## जिला कलक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली कलक्टर कॉन्फ्रेंस की तैयारियों को लेकर

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा प्रतापगढ़**



जिला कलक्टर कॉन्फ्रेंस को लेकर आज बुधवार को जिला कलक्टर सौरभ स्वामी ने मिनी सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली और विभागवार कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में लाभार्थियों के भौतिक सत्यापन, मुख्यमंत्री पालनहार योजना, सिलिकोसिस योजना, कोविड-19 से मृतको के आश्रितों को एक्स ग्रेशिया राशि, छात्रवृत्ति वितरण, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोंचिग योजना, इन्दिरा रसोई योजना व इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियो को कहा कि वे उच्च शिक्षा के तहत कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी व देवनारायण स्कूटी वितरण योजना की पोर्टल पर नियमित रूप से जानकारी रखकर पात्र छात्रा को लाभांन्वित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने उर्जा विभाग के कृषि कनेक्शन की स्थिति, मुख्यमंत्री किसान मित्र उर्जा योजना, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की पात्र को जोड़ने व गेहूं का आवंटन की स्थिति, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के सौलर पम्प के लक्ष्य, फॉर्म पोण्ड, महिला एवं बाल विकास विभाग की इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना, श्रम विभाग की योजना, राजस्व अभिलेख, खातों का शुद्धिकरण, नामान्तरण के लंबित प्रकरण, सीमाज्ञान व पत्थरगढ़ी के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने अधिकारियों से डिजीटल इण्डिया लैण्ड रिकार्ड, बजट घोषणाओं में भू-आवंटन के लंबित प्रकरण, गर्मियों में पेयजल आपूर्ति एवंज ल जीवन मिशन के कार्य, ग्रामीण विकास विभाग के कार्य, नंदी गौशालाएं खोले जाने व मुख्यमंत्री सहायता कोष के तहत दुर्घटना सहायता सहित जिला कलक्टर ने कलक्टर कॉन्फ्रेंस के एजेंडा बिंदुवार विभागवार कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा कर अद्यतन सूचना भिजवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के उपायुक्त जितेन्द्र कुमार, जिला रसद अधिकारी बनवारीलाल मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी केसी तेली, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता शैतानसिंह व महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक नेहा माथुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्लॉक हेल्थ मेले में उमड़ा हुजूम, जनप्रतिनिधियों ने करवाई जांच, कलेक्टर ने कहा व्यक्ति के लिए चिरंजीवी भवः हो ये मेला

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा प्रतापगढ़**



धरियावद उपखण्ड में बुधवार को चिरंजीवी मेला आयोजित किया गया। जिसमें लाभार्थियों का भारी हुजूम उमड़ा। जिला कलक्टर सौरभ स्वामी मेले में बतौर अध्यक्ष मौजूद थे। इस अवसर पर आमजन के साथ रक्तदाताओं के हौसला अफजाई के लिए मुख्य अतिथि धरियावद विधायक जगराज मीणा, विशिष्ठ अतिथि भानु प्रताप सिंह, उप जिला प्रमुख सागरमल बोहरा, प्रधान पंचायत समिति धरियावद हकरी मीणा, सरपंच केडी मीना के साथ अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। कार्यक्रम में अतिथियों की आगवानी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वीडी मीना ने किया। इस अवसर जनप्रतिनिधियों ने मौके पर स्वास्थ्य की जांच करवाई और चिकित्सकों से आवश्यक सलाह भी ली। मेले को सार्थक बनाने के लिए कलेक्टर सौरभ स्वामी ने क्षेत्र के सभी नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में शिरकत करने की बात कही। वहीं मेले में पधारने वाले लाभार्थियों का मौके पर हेल्थ आईडी तैयार की गई। कार्यक्रम में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मानसिक स्वास्थ्य, रक्तदान और चिकित्सा विभाग की निशुल्क जांच व जांच योजना के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी रामचंद्र खटिक ने मेला स्थल पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को पहुंचाने के लिए क्षेत्र में विशेष प्रचार प्रसार कवाया। वहीं बीसीएमओ डॉ एसके जैने ने चिकित्सा विभाग की टीम के साथ मुस्तैद रहकर शिविर में आने वाले रोगियों और परिजनों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

### टीकाकरण की तरह चिरंजीवी में नंबर एक हो प्रतापगढ

कलक्टर सौरभ स्वामी ने कहा प्रतापगढ़ चिकित्सा के क्षेत्र में कई योजनाओं में राज्य स्तर पर प्रथम आया है। उन्होंने चिकित्सा विभाग के कर्मियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जैसे अन्य योजनाओं में विभाग प्रथम है, वैसे ही यहां की जनता को चिरंजीवी योजना के तहत उन्हें लाभावान्वित करना है।

### सरकार का चिकित्सा के क्षेत्र में हर तबके का ध्यान

विधायक नगराज मीणा ने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सा के क्षेत्र में आमजन की निरोगी रखने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है, उन्होंने चिकित्सा विभाग की कई योजनाओं के नाम गिनाते हुए कहा कि ये सभी योजनाएं निरोगी राजस्थान अभियान की सीढ़ियां है।

## गुरुकुल यूनिवर्सिटी फर्जीवाड़े में सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के कुलपति अमरिका सिंह सहित 5 पर एफआईआर

### सत्यापन समिति ने राज्य सरकार को पेश करी गलत रिपोर्ट व साक्ष्य

### राजेन्द्र राठौड़ ने विधानसभा में उठाया था युनिवर्सिटी में संलिप्त फर्जीवाड़े का मुद्दा

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**

गुरुकुल यूनिवर्सिटी से जुड़े मामले में अब सरकार को गलत रिपोर्ट देने पर उच्च शिक्षा विभाग ने मुकदमा दर्ज करवाया है। उच्च शिक्षा विभाग ने एमएल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के कुलपति अमेरिका सिंह सहित जांच कमेटी में शामिल सभी मेंबर्स के खिलाफ अशोक नगर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। शिक्षा विभाग (ग्रुप-4) संयुक्त सचिव फरोज अख्तर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया।।इस मामले में गुरूकुल शिक्षण संस्थान सीकर के फाउंडर ट्रस्टी रणजीत सिंह, मोहन लाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी उदयपुर के कुलपति प्रोफेसर अमेरिका सिंह, अलवर लॉ कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विजय बेनीवाल, राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जयंत सिंह और मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी उदयपुर के डीन प्रोफेसर घनश्याम सिंह राठौड़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।रिपोर्ट में बताया कि 12 मार्च 2021 को फाउंडर ट्रस्टी रणजीत सिंह ने यूनिवर्सिटी बनाने के लिए विभाग को आवेदन शुल्क के साथ प्रस्ताव दिया था। प्रस्ताव मिलने के बाद विभाग के आदेश पर प्रो. आई.वी.त्रिवेदी, कुलपति गोविन्द गुरु जनजातीय यूनिवर्सिटी बांसवाड़ा के संयोजन में समिति गठित की गई। 19 जून को दी गई रिपोर्ट में कमेटी की ओर से अनुशंषा की गई। विभाग की ओर से रिपोर्ट पर 2 जुलाई को लेटर और इंटेंट जारी किया गया। संस्था की ओर से सीकर में 80.31 एकड़ जमीन 10 हजार वर्ग मीटर की कहा गया। राज्य सरकार के आदेश से 29 सितम्बर को प्रोफेसर अमेरिका सिंह के संयोजन में 4 सदस्यों की सत्यापन समिति का गठन किया गया। समिति ने 3 अक्टूबर को सत्यापन कर प्रमाणित कर राज्य सरकार को गलत रिपोर्ट दी। इस रिपोर्ट के आधार पर सरकार 22 मार्च को विधानसभा में गुरुकुल यूनिवर्सिटी का बिल लाई। इसी दौरान संज्ञान में आया कि जमीन पर यूनिवर्सिटी स्थापित की जानी है। वहां वर्तमान में भवन उपलब्ध नहीं है। जबकि समिति की ओर से जमीन पर भवन उपलब्ध होने के तथ्य प्रमाणित किए थे। 25 मार्च को संभागीय आयुक्त जयपुर दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया गया। जांच में गठित टीम की ओर से कई गलत तथ्य मिले है। गुरुकुल यूनिवर्सिटी का 22 मार्च को विधानसभा में बिल पारित होना था। बिल पारित होने से ठीक पहले सरकार तक गड़बड़ी की शिकायत पहुंच गई। उसी दिन उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने यूनिवर्सिटी के फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए सदन में मामला उठाया। सरकार ने यह मामला उठने के बाद गुरुकुल यूनिवर्सिटी के बिल को वापस ले लिया। संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में जाचं कमेटी बना दी। जांच कमेटी ने भी फर्जीवाड़े की पुष्टि की। जिसके बाद कमेटी में शामिल तीन मेंबर्स को निलंबित कर दिया गया था।

## यूनियन पदाधिकारियों ने नवनियुक्त जाट का किया स्वागत



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**

नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एंप्लाइज यूनियन जयपुर मंडल के सहायक सचिव के पद पर किशन लाल जाट के नियुक्त होकर फुलेरा आगमन पर एंप्लाइज यूनियन के पदाधिकारियों ने स्वागत कर सम्मान किया । एंप्लाइज यूनियन के शाखा सचिव एस के माथुर ने बताया की मंडल सहायक सचिव पद पर किशन लाल जाट को चुने जाने पर और फुलेरा आगमन पर शाखा अध्यक्ष हेमराज मीणा,उपाध्यक्ष हमीर सिंह, सहित यूनियन के पदाधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों की मौजूदगी में नवनियुक्त मंडल सचिव जाट का माला पहनाकर स्वागत किया गया ।

## भारत सरकार की रेल विरोधी नीतियों को लेकर एंप्लाइज यूनियन मनाएगी विरोध पखवाड़ा

**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**

नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एंप्लाइज यूनियन जयपुर मंडल की ओर से रेल कर्मचारीयों की लंबित मांगों को लेकर भारत सरकार की नीतियो के विरुद्ध एक मई 2022 तक एंप्लाइज यूनियन द्वारा विरोध पखवाड़ा मनाया जाएगा नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एंप्लाइज यूनियन के शाखा सचिव एस.के. माथुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जयपुर मंडल की सभी शाखाओं की ओर से रेल कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर भारत सरकार द्वारा रेल कर्मचारियों के प्रति उदासीन रवैए,निजी करण व निगमीकरण की नीति के विरुद्ध 21 अप्रैल को फुलेरा रेलवे स्टेशन लॉबी के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया जाएगा । जिसमें फुलेरा की एनडब्ल्यूआरईयू की तीनों शाखाओं के पदाधिकारी सदस्य एवं रेल कर्मचारी सम्मिलित होंगे । माथुर ने बताया कि भारतीय रेल और रेलवे संपत्ति को बेचने से बचाने के लिए हमें एकजुट होकर भारत सरकार की रेल विरोधी नीतियों के प्रति जागरूक होकर उसका विरोध करना होगा । उन्होंने कहा कि केंद्रीय सरकार रेलवे को निजी हाथों में सौंपने के इरादे को नहीं बदला तो रेल कर्मचारी इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे । उन्होंने सभी शाखाओं को आह्वान किया की गुरुवार को भारत सरकार की विरोधी नीतियों के विरुद्ध प्रदर्शन करने में सभी एकत्रित होवे ।

## अनियंत्रित होकर सवारियों से भरी रोडवेज बस कार पर पलटी

हादसे में एक बालक की मौत, एक दर्जन सवारियां घायल



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**

जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर अनियंत्रित होकर सवारियों से भरी रोडवेज बस कार पर पलट गई।जहाँ कि हादसे में एक बालक की मौत सहित एक दर्जन से अधिक सवारियां घायल हो गए। बता दें एक राजस्थान रोडवेज जयपुर से दिल्ली की तरफ जा रही थी तभी कार के ओवरटेक करने से अनियंत्रित होकर सवारियों से भरी बस कार पर पलट गई।इस दौरान कार सवार लोग घायल व कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।वहीं बस में बैठे सवारियों में चीख-पुकार मच गई आसपास के ग्रामीणों ने धमाके की आवाज सुनकर बस में फंसे हुए यात्रियों को निकाला।वही सूचना पाकर भाबरु थाना पुलिस मौके पर पहुंची,जहां पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से घायलों को एंबुलेंसो की सहायता से राजकीय हॉस्पिटल शाहपुरा में भर्ती करवाया। जानकारी के अनुसार उपचार के दौरान एक बालक की मौत हो गई वहीं गंभीर स्थिति में घायल अवस्था में आधा दर्जन लोगों को जयपुर रैफर किया गया।घटना के बाद करीब आधे घंटे यातायात बाधित रहा।वहीं पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से पलटी हुई बस को सीधा करवाया और यातायात सुचारू करवाया।

## वेलफ़ेयर पार्टी ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस पर प्रदेश कार्यालय में विशेष इफ्तार पार्टी!

रोजा इबादतों, रहमतों व बरकतों का पाक परेहज अमल है:- वकार अहमद खान



**वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जयपुर**

वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया, राजस्थान की और से पार्टी के 12 वे स्थापना दिवस विशेष रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया! इफ्तार पार्टी में जयपुर शहर की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया! इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष वकार अहमद खान ने कहा कि रोजे का असल मकसद यह इंसान के अंदर परहैजगारी आ जाए! इंसान का नफ्स पाक साफ हो जाये और लोगों में अल्लह का डर पैदा हो जाये रोजा एक बड़ी इबादत है इसलिये ये हर उम्मतों पर फर्ज किया गया और इंसान हराम व हलाल में बंदा फर्क करने लग जाता हैं इस महिने में रोजा रखना, सहरी करना इफतार करना, नमाज की पाबंदी करना कुरआन पढना सदका वा खैरात करना तरावीह पढना एतेकाफ करना आदि पवित्र कार्य मुख्य रुप से किये जाते हैं रोजा सबसे इबादतों, रहमतों हरकतों का महिना है और हमारी पार्टी अपने स्थापना के दिन ही से भय,भूख और भ्रष्टाचार से समाज को मुक्ति दिलाने का प्रयास कर रही है! इस अवसर पर प्रदेश महासचिव हसीन अहमद, स्टेट खजांची रहीस अख्तर, मीडिया प्रभारी साबिर अहमद मंसूरी, जिलाध्यक्ष वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया, जयपुर अब्दुल ग़फ्फार,रियाज़ ज़मज़म, इमरान अंसारी,अब्दुल हकीम,जुनेद चौहान व आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे!

# विराट कोहली पर थकान हावी, उन्हें विश्राम की सख्त जरूरत : शास्त्री

मुंबई : भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर मानसिक थकान हावी है तथा उन्हें अभी क्रिकेट से विश्राम देने की सख्त जरूरत है ताकि वह अगले सात-आठ साल तक देश के लिये खेल सकें। कोहली अभी अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे हैं। उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की तरफ से सात मैचों में केवल दो बार 40 रन से अधिक का स्कोर बनाया है। दिल्ली के रहने वाले इस 33 वर्षीय



बल्लेबाज ने सभी प्रारूपों में पिछले 100 मैचों में शतक नहीं लगाया है। उन्होंने भारत और आरसीबी दोनों की टी20 कप्तानी छोड़ दी थी। वह टेस्ट कप्तानी से भी हट गए हैं जबकि उन्हें वनडे टीम की कप्तानी से हटा दिया गया था। शास्त्री का मानना है कोहली जैसे खिलाड़ी की कोविड-19 के कारण खिलाड़ियों के एक जगह तक सीमित हो जाने के माहौल में अच्छी तरह से देखभाल करने की जरूरत है।

शास्त्री ने कहा, ह्यमैं यहां सीधे मुख्य खिलाड़ी की बात करता हूं। विराट कोहली पर व्यस्तता के कारण थकान हावी है। यदि किसी को विश्राम की जरूरत है तो वह कोहली है।' उन्होंने कहा, ह्यचाहे वह ढाई महीने का विश्राम हो या डेढ़ महीने का। यह इंग्लैंड दौरे से पहले हो या बाद में, उन्हें विश्राम की जरूरत है क्योंकि उनमें अभी छह-सात साल की क्रिकेट बची है और आप मानसिक थकान के कारण उन्हें नहीं गंवाना चाहोगे।' कोहली मंगलवार को आईपीएल मैच में पहली गेंद पर आउट हो गए थे।

### जबर्दस्ती पर खिलाड़ी को गंवा सकते हैं

आरसीबी ने कप्तान फाफ डुप्लेसी की 96 रन की पारी की मदद से इस मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 18 रन से हराया। शास्त्री ने कहा, ह्यह्यजब मैं कोच था तब मैंने पहली बार इसकी शुरूआत की थी। मैंने पहली बात यही कही थी कि आपको खिलाड़ियों के प्रति सहानुभूति दिखाने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, ह्यअगर आप जबर्दस्ती करते हैं तो फिर एक खिलाड़ी को गंवा सकते हैं। वह अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाएगा।

**ऑरेंज कैप**

| बल्लेबाज | टीम | रन |
|---|---|---|
| जोस बटलर | राजस्थान रॉयल्स | 375 |
| केएल राहुल | लखनऊ सुपर जायंट्स | 265 |
| फाफ डु प्लेसी | रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर | 250 |

**पर्पल कैप**

| गेंदबाज | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल | राजस्थान रॉयल्स | 17 |
| टी नटराजन | सनराइजर्स हैदराबाद | 12 |
| कुलदीप यादव | दिल्ली कैपिटल्स | 11 |

# पंजाब सस्ते में हुई ढेर, दिल्ली को जीत के लिए चाहिए 116 रन



मुंबई | एजेंसी

आईपीएल में बुधवार को पंजाब किंग्स व दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच खेला जा रहा है। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले खेलते हुए पंजाब की टीम 20 ओवर में 115 रन बनाकर आउट हो गई। पंजाब के विकेटकीपर जितेश शर्मा ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। दिल्ली के लिए खलील अहमद, ललित यादव, कुलदीप यादव व अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए।

### पंजाब की खराब शुरूआत

पंजाब की शुरूआत खराब रही और ओपनर मयंक अग्रवाल व शिखर धवन एक बार फिर बड़ी साझेदारी नहीं कर पाए। शिखर 9 रन बनाकर आउट हुए। वहीं मयंक के बल्ले से 24 रन निकले। धवन को ललित और मयंक को मुस्तफिजुर रहमान ने आउट किया।

### बेयरस्टो-लिविंगस्टोन हुए फेल

दोनों सलामी बल्लेबाज के आउट होने के बाद बड़ा स्कोर बनाने की जिम्मेदारी मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर आ गई, लेकिन बेयरस्टो और लिविंगस्टोन ने भी जल्दी आउट हो गए। इस सीजन एक भी अच्छी पारी नहीं खेल पाए बेयरस्टो सिर्फ 9 रन बनाकर खलील अहमद की गेंद पर कैच आउट हो गए। वहीं लिविंगस्टोन भी कुछ खास नहीं कर पाए और अक्षर पटेल की गेंद पर सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हुए।

### शिफर्ट को कोरोना

मैच से पहले दिल्ली के लिए एक बुरी खबर रही। मैच शुरू होने से पहले विकेटकीपर बैटर टिम शिफर्ट कोरोना पॉजिटिव पाए गए। मैच के साढ़े 3 घंटे पहले शिफर्ट के पॉजिटिव होने की रिपोर्ट आई। इससे पहले ऑलराउंडर मिचेल मार्श पॉजिटिव होने के कारण डॉक्टर्स की निगरानी में हैं। दिल्ली टीम में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 6 हो गई है। इनमें दो खिलाड़ियों के अलावा बाकी सपोर्ट स्टाफ हैं।

**दोनों टीमें**

पंजाब किंग्सः मयंक अग्रवाल (कप्तान), शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा, शाहरुख खान, कगिसो रबाडा, नाथन एलिस, राहुल चाहर, वैभव अरोड़ा और अर्शदीप सिंह।

दिल्ली कैपिटल्सः पृथ्वी शॉ, डेविड वार्नर, ऋषभ पंत (कप्तान), रोवमान पावेल, ललित यादव, सरफराज खान, शार्दूल ठाकुर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मुस्तफिजुर रहमान और खलील अहमद।

| टीम | मैच | जीते | हारे | पॉइंट | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात टाइटन्स | 6 | 5 | 1 | 10 | +0.395 |
| रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.251 |
| राजस्थान रॉयल्स | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.380 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.124 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 | -0.077 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 3 | 4 | 6 | +0.160 |
| पंजाब किंग्स | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.109 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 5 | 2 | 3 | 4 | +0.219 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 1 | 5 | 2 | -0.638 |
| मुंबई इंडियन्स | 6 | 0 | 6 | 0 | -1.048 |

(नोटः लखनऊ-बेंगलुरु मैच तक)

# आईपीएल में उम्मीदें बरकरार रखने के लिये चेन्नई से भिड़ेगा मुंबई




मुंबई | एजेंसी

लगातार छह हार के बाद बाहर होने की कगार पर पहुंची मुंबई इंडियन्स की टीम गुरुवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीत दर्ज करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी उम्मीदें बरकरार रखने की कोशिश करेगी। पांच बार की चैम्पियन मुंबई की टीम ने इस सत्र में एक भी मैच नहीं जीता है और गुरुवार को हारने पर वह टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। मौजूदा चैंपियन चेन्नई की स्थिति भी अच्छी नहीं है और वह अंकतालिका में सबसे निचले स्थान पर स्थित मुंबई से केवल एक पायदान ऊपर है। उसकी टीम को भी छह मैचों में से पांच में हार का सामना करना पड़ा है और गुरुवार को हार से वह बाहर होने के कगार पर पहुंच जाएगी। मुंबई के लिए सबसे बड़ी चिता कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म है, जिन्होंने छह मैचों में केवल 114 रन बनाए हैं। मुंबई को अगर लक्ष्य का पीछा करना है या पहले खेलते हुए बड़ा स्कोर बनाना है तो रोहित को बड़ी पारी खेलनी होगी। युवा बल्लेबाज ईशान किशन भी अपनी 15.25 करोड़ रुपये की मोटी कीमत को सही साबित नहीं कर पाये हैं। उन्होंने छह मैचों में दो अर्धशतकों की मदद से 191 से अधिक रन बनाये हैं। डेवाल्ड ब्रेविस, तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव ने कुछ अच्छी पारियां खेली हैं लेकिन उन्हें मिलकर मध्य क्रम में जिम्मेदारी लेने की जरूरत है। ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड ने भी अब तक निराश किया है जिनकी मैच विजेता की छवि धूमिल पड़ती जा रही है। वह अब तक हर मैच में नाकाम रहे हैं और उन्होंने सिर्फ 82 रन बनाये हैं। मुंबई के पास कागजों पर अच्छी बल्लेबाजी तो है जो चेन्नई के अपेक्षाकृत कम अनुभवी आक्रमण पर हावी हो सकता है। मुंबई के लिये बल्लेबाजी से अधिक गेंदबाजी चिता का विषय है। जसप्रीत बुमराह को छोड़कर उसके अन्य गेंदबाजों ने अब तक लचर प्रदर्शन किया है। टाइमल मिल्स, जयदेव उनादकट, बासिल थम्पी या मुख्य स्पिनर मुरुगन अश्विन को अब अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मिल्स ने अपने आखिरी मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ तीन ओवर में 54 रन लुटाए, जबकि उनादकट और अश्विन ने क्रमश 32 और 33 रन दिये। मुंबई ने फैबियन एलन को आजमाया लेकिन वह भी चार ओवर में 46 रन लुटा गये। चेन्नई के लिये रुतुराज गायकवाड़ की फॉर्म में वापसी सकारात्मक संकेत है। उन्होंने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ पिछले मैच में 48 गेंदों में 73 रन बनाये थे।

**आईपीएल में आज**
**मुंबई v/s चेन्नई**
**सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर | समय रात 7.30 बजे से**

**मुंबई इंडियन्स**

रोहित शर्मा (कप्तान), अनमोलप्रीत सिह, राहुल बुद्धि, रमनदीप सिह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, टिम डेविड, अर्जुन तेंदुलकर, बासिल थम्पी, ऋतिक शौकीन, जसप्रीत बुमराह, जयदेव उनादकट, मयंक मार्कंडे, मुरुगन अश्विन, रिले मेरेडिथ, टाइमल मिल्स, अरशद खान, डेनियल सैम्स, डेवाल्ड ब्रेविस, फैबियन एलन, कीरोन पोलार्ड, संजय यादव, आर्यन जुयाल और ईशान किशन।

**चेन्नई सुपर किंग्स**

रविंद्र जडेजा (कप्तान), महेंद्र सिह धोनी, मोईन अली, रुतुराज गायकवाड़, ड्वेन ब्रावो, अंबाती रायडू, रॉबिन उथप्पा, मिशेल सेंटनर, क्रिस जॉर्डन, एडम मिल्ने, डेवोन कॉनवे, शिवम दूबे, ड्वेन प्रिटोरियस, महेश तीक्ष्णा, राजवर्धन हैंगरगेकर, तुषार देशपांडे, केएम आसिफ, सी हरि निशांत, एन जगदीसन, सुब्रंशु सेनापति, के भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, सिमरजीत सिह, मुकेश चौधरी।

# हमारा ध्यान सिर्फ अपने प्रदर्शन पर हैः फाफ डुप्लेसी

मुम्बई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान और प्लेयर ऑफ द मैच बने फाफ डुप्लेसी ने मैच के बाद कहा, हां, पारी के अंत में मुझे थोड़ी सी थकावट लग रही थी। एक तरफ बाउंड्री बड़ी है और गेंद भी रुक कर आ रही थी। तो बाउंड्री लगाने के लिए बहुत ताकत लगानी पड़ी थी। डुप्लेसी ने कहा, ह्यटीमें पहले कुछ ओवरों में विकेट खोती हैं। लेकिन ऐसा होता है, हमारे साथ भी ऐसा हुआ लेकिन हमने उससे बाहर निकलने का रास्ता भी निकाला। कौन टीम कहां पर है, यह हमारे नियंत्रण में नहीं है, हम कहां पर हैं, उस पर हमारा ध्यान है। डीके, शाहबाज शानदार फॉर्म में हैं। हर्षल एक बेहतरीन गेंदबाज हैं, अगर एक-दो दिन उनका खराब भी जाता है तो कोई बात नहीं। मैच में चार विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड ने कहा, ह्ययहां गेंदबाजी करना मजेदार था। फाफ हमारे लिए बल्लेबाजी में शानदार थे।

# केएल राहुल पर लगा भारी जुर्माना



नवी मुंबई। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल पर यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा कि राहुल ने आईपीएल आचार संहिता के लेवल एक अपराध' को स्वीकार किया और उन्हें जुमार्ना मंजूर है। राहुल की टीम के साथी मार्कस स्टोइनिस को भी उसी मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई है। आरसीबी ने मंगलवार की रात को खेले गये इस मैच में 18 रन से जीत दर्ज की थी। यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इन दोनों खिलाड़ियों ने आचार संहिता का क्या उल्लंघन किया था। स्टोइनिस को जोश हेजलवुड के एक ओवर के दौरान मैदानी अंपायर के साथ बहस करते देखा गया था।

# एशियन चैंपियनशिप में ग्रीको रोमन पहलवानों ने जीते 3 कांस्य पदक

## सुनील-अर्जुन और नीरज ने किया कमाल



नई दिल्ली | एजेंसी

एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में भारत ने शानदार शुरूआत की, जब सुनील कुमार समेत पांच ग्रीको रोमन पहलवानों में से तीन ने कांस्य पदक जीते। यह दूसरी बार है जब सुनील कुमार ने एशियन चैंपियनशिप में पोडियम पर पहुंचे। इससे पहले 2020 में 87 भारवर्ग में विजेता रहे थे। 23 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगोलिया के बैटबयार लुतबयार के खिलाफ अपने कांस्य पदक मुकाबले में 5-0 से बढ़त बनाने के बाद तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। सुनील सेमीफाइनल में उजबेकिस्तान के जलगस्बे बदीर्मुराटोव से हार गए थे। वहीं 55 भारवर्ग में अर्जुन हालाकुर्की ने कांस्य प्लेऑफ में दावाबंदी मुंख एर्डी को 10-7 से पराजित किया।

अर्जुन ने 2020 के प्रतियोगिता में भी कांस्य जीता था। जबकि 63 भारवर्ग में नीरज ने उजबेकिस्तान के इस्लोमजोन बाखर्मोव को 7-4 से हराकर पोडियम फिनिश किया। हालांकि, 77 भारवर्ग में साजन भनवाल को जापान के कोडाई सकुराब से हार मिली, वहीं प्रेम कुमार 130 भारवर्ग में ईरान के आमिर मोहम्मदाली से हारकर कांस्य पदक हासिल करने से चूक गए।

# सौरभ चौधरी ने नेशनल शूटिंग ट्रायल्स में जीते 3 गोल्ड मेडल

नई दिल्ली। दुनिया के पूर्व नंबर एक निशानेबाज उत्तर प्रदेश के सौरभ चौधरी ने डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में पुरुष 50 मीटर पिस्टल राष्ट्रीय चयन ट्रायल में दबदबा बनाते हुए सीनियर और जूनियर वर्ग में तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता। पांचवें दिन पिस्टल स्पधाओं के चयन ट्रायल तीन और चार में एशियाई खेलों एवं युवा ओलिंपिक चैंपियन सौरभ ने पुरुष और जूनियर पुरुष 50 मीटर पिस्टल टी चार में स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने पुरुष टी तीन में कांस्य जबकि जूनियर पुरुष टी तीन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।



टोक्यो ओलिंपिक के फाइनल में जगह बनाने वाले सौरभ ने टी चार में 60 शॉट की सीरीज में 562 अंक के साथ भारतीय नौसेना के कुणाल राणा को पछाड़ा जिन्होंने 555 अंक जुटाए। जूनियर पुरुष स्पर्धा में इसी स्कोर के साथ उन्होंने 547 अंक बनाने वाले पंजाब के अर्जुन सिंह चीमा को पीछे छोड़ा। सौरभ इससे पहले पुरुष टी तीन स्पर्धा में वायुसेना के अनुभवी गौरव राणा और राजस्थान के ओम प्रकाश मिथेरवाल के बाद तीसरे स्थान पर रहे थे। गौरव ने 553 अंक के साथ स्वर्ण, ओम प्रकाश ने 553 अंक के साथ रजत जबकि सौरभ ने 552 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।

# ला लिगा | अप्रत्याशित हार के साथ बार्सिलोना की खिताबी उम्मीदों को झटका, केडिज ने 1-0 से हराया

नई दिल्ली | एजेंसी



27वें ला लिगा खिताब की बाट जोह रही बार्सिलोना एफसी की इस बार स्पेनिश लीग विजेता बनने की उम्मीदें लगभग ध्वस्त हो गई हैं। कोच जावी हर्नांडेज के क्लब को उसी के घर में समर्थकों के प्रदर्शन के बीच केडिज ने 1-0 से पराजित किया। रेलिगेशन के कगार पर खड़ी केडिज के लिए यह जीत संजीवनी बन गई। पिछले चार मुकाबलों से बार्सिलोना से नहीं हारी केडिज की फिल्हाल रेलिगेशन की उम्मीदें समाप्त हो गई हैं। केडिज के लिए 48वें मिनट में ल्यूकास पेरेज ने विजयी गोल किया।

केडिज के हाथों बार्सिलोना को घर में पहली हार मिली है। इस दौरान बार्सिलोना के मुख्य स्टेडियम कैंप नोउ के बाहर और अंदर उसके समर्थक प्रदर्शन कर रहे थे। बीते बृहस्पतिवार को कैंप नोउ में एन्ट्रेक्ट फ्रेंकफर्ट के खिलाफ यूरोपा लीग के क्वार्टर फाइनल में पांच हजार की बजाय जर्मन क्लब के 30 हजार समर्थक स्टेडियम में मौजूद थे। इसी के विरोध में समर्थक प्रदर्शन कर रहे थे। इस मैच में भी बार्सिलोना को हार का सामना करना पड़ा। बार्सिलोना के अधिकारी घोषणा कर चुके हैं कि वह इस बात की जांच करा रहे हैं कि निर्धारित टिकटों के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में फ्रैंकफर्ट के समर्थक कैसे टिकट खरीदकर स्टेडियम में प्रवेश करने में सफल रहे।

### लीडर रियल से 15 अंक पीछे

इस हार के साथ बार्सिलोना अव्वल चल रही रियल मैड्रिड से 15 अंक पीछे चल रही है और उसके छह मुकाबले होने अभी बाकी है। दूसरे स्थान पर चल रही बार्सिलोना के तीसरे और चौथे स्थान पर मौजूद सेविला और एटलेटिको मैड्रिड के समान अंक हैं। जिसके चलते चैंपियंस लीग क्वालिफाई करने की रेस पूरी तरह खुली हुई है।

## व्यापार स्टार

# सोना-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट सोना 951 और चांदी 2,221 रुपए सस्ती हुई

नई दिल्ली | एजेंसी



अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट और रुपये में बढ़त के बीच दिल्ली सरार्फा बाजार में बुधवार को सोना 915 रुपये टूटकर 52,367 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 53,282 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस रुख के अनुरूप चांदी भी 2,221 रुपये की बड़ी गिरावट के साथ 67,969 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 70,190 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 29 पैसे की बढ़त के साथ 76.21 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना नुकसान के साथ 1,942.5 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी भी मामूली गिरावट के साथ 24.94 डॉलर प्रति औंस पर थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध विशेयज्ञक दिलीप परमार ने कहा, कॉमेक्स में सोना 0.38 प्रतिशत के नुकसान से 1,942 डॉलर प्रति औंस पर था।

### 55 हजार हो सकता है सोना

आईआईएफएल सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट (कमोडिटी एंड करेंसी) अनुज गुप्ता ने कहा कि सोने-चांदी की कीमतों में फिलहाल उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध और तेजी से बढ़ती महंगाई से उन्हें सपोर्ट मिल रहा है। इसके चलते इंटरनेशनल मार्केट में सोना अगले 2-3 महीने में 2000 डॉलर के स्तर को पार कर सकता है।

# सेंसेक्स 574 पॉइंट की बढ़त के साथ 57037 पर

मुंबई। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी रही। सेंसेक्स 574.35 (1.02%) पॉइंट की बढ़त के साथ 57,037.50 पर और निफ्टी 177.90 (1.05%) पॉइंट की बढ़त के साथ 17,136.55 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयर्स में सबसे ज्यादा बढ़त रिलायंस, मारुति, डॉ रेड्डीज, अल्ट्रा सीमेंट और महिंद्रा में रही। आज सेंसेक्स 278 पॉइंट की बढ़त के साथ 56,741 पर खुला था। निफ्टी में भी 87 पॉइंट की बढ़त रही। यह 17,045 पर खुला था। सबसे ज्यादा बढ़त ऑटो, रियल्टी और मीडिया के स्टॉक्स में रही। बीएसई के मिड कैप और स्मॉल कैप दोनों में 100 पाइंट से ज्यादा की बढ़त रही।



**फरवरी में मोबाइल सब्सक्राइबर्स की संख्या घटी**

# जियो से लोगों का हो रहा मोह भंग, एयरटेल ने जोड़े 15.91 लाख नए ग्राहक

नई दिल्ली | एजेंसी



फरवरी में दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या घटकर 116.60 करोड़ रह गई है। इस दौरान देश में रिलायंस जियो और वोडाफोन आइडिया के ग्राहक घटे हैं। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या जनवरी 2022 के अंत के 116.94 करोड़ थी जो फरवरी 2022 के अंत में 116.60 करोड़ रह गई है। फरवरी लगातार तीसरा महीना था जब रिलायंस जियो ने अपने मोबाइल ग्राहक गंवाए हैं। कंपनी के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 36.6 लाख घटकर 40.27 करोड़ रह गई। वोडाफोन आइडिया के मोबाइल ग्राहकों की संख्या में भी गिरावट आई। इसने 15.32 लाख मोबाइल ग्राहकों को खो दिया, जबकि बीएसएनएल और एमटीएनएल के क्रमशः 1.11 लाख और 5,097 कनेक्शन कम हुए। आंकड़ों के मुताबिक, मोबाइल खंड में भारती एयरटेल एकमात्र कंपनी रही, जिसके कनेक्शनों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

# जहांगीरपुरी : एमसीडी की बुलडोजर कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, यथास्थिति बनाए रखने का आदेश

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली

हनुमान जयंती के मौके पर निकाले गए शोभा यात्रा पर जहांगीरपुरी में ही पथराव हुआ था। इसके बाद आज यहां मौजूद अवैध अतिक्रमण को हटाया जाना था। सुप्रीम कोर्ट ने जहांगीरपुरी में दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) की बुलडोजर कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगा दी है। कोर्ट ने एमसीडी से यथास्थिति बनाए रखने को कहा है। अब अतिक्रमण हटाने के खिलाफ दायर याचिका पर कल यानी गुरुवार को फिर सुनवाई होगी। बता दें कि 16 अप्रैल को हनुमान जयंती के मौके पर निकाले गए शोभा यात्रा पर जहांगीरपुरी में ही पथराव हुआ था। तब से लेकर अब तक 20 से ज्यादा आरोपी पकड़े जा चुके हैं। इस बीच, एमसीडी ने जहांगीरपुरी में मौजूद अवैध अतिक्रमण को हटाने का फैसला ले लिया। आज कार्रवाई शुरू भी हो गई थी। काफी हद तक अवैध कब्जे पर बुलडोजर भी चल चुका है। लेकिन इस बीच चीफ जस्टिस एनवी रमणा ने स्टे दे दिया।



अधिवक्ता ने कार्रवाई को असंवैधानिक बताया

वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने एनडीएमसी और पीडब्ल्यूडी के संयुक्त अभियान को असंवैधानिक बताया। आरोप लगाया कि जो कार्रवाई दोपहर दो बजे होने वाली थी, उसे सुबह नौ बजे ही शुरू कर दिया गया। इसके पहले यहां रहने वाले लोगों को कोई नोटिस भी नहीं दिया गया। दूसरी ओर दिल्ली हाईकोर्ट भी इस मसले पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। हालांकि, कोर्ट ने तुरंत एमसीडी की बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी ने वकीलों को उनकी याचिकाएं दायर करने का निर्देश दिया और कहा कि मैं बुलडोजर की कार्रवाई पर कुछ नहीं कह रहा हूं लेकिन अधिकारियों को निर्देशों के लिए तैयार रहना चाहिए।अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय पहले ही मामले पर गौर कर रहा है। कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि याचिकाएं दायर होने के बाद दिन में इन पर सुनवाई की जाएगी। पीड़ित पक्षों में से एक की ओर से पेश हुई वकील ने अदालत से दोपहर दो बजे तक निवासियों को सुरक्षा प्रदान करने का आग्रह किया।

## दक्षिण अफ्रीकाः भीषण बाढ़ से 400 से ज्यादा लोगों की मौत, राष्ट्रपति ने घोषित की राष्ट्रीय आपदा



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा जोहानिसबर्ग

कोविड-19 के चलते पिछले दो साल से देश में लगे प्रतिबंधों को हटाने के एक पखवाड़े बाद ही रामफोसा ने राष्ट्रीय आपदा स्थिति की घोषणा की है। दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने देश में भीषण बाढ़ के प्रकोप के चलते राष्ट्रीय आपदा की स्थिति और इससे निपटने के लिए कई उपायों की घोषणा की है। बाढ़ के कारण तटीय प्रांत क्वाजुलु-नेटल प्रांत (केजेडएन) में 400 से अधिक लोगों की मौत हो गई है और कई लोग लापता हैं। जानकारी के मुताबिक देश में 40,000 से अधिक लोग बेघर भी हुए हैं। कोविड-19 के चलते पिछले दो साल से देश में लगे प्रतिबंधों को हटाने के एक पखवाड़े बाद ही रामफोसा ने राष्ट्रीय आपदा स्थिति की घोषणा की है। चार दिन से जारी भीषण बारिश और बाढ़ के लिए रामफोसा ने जलवायु परिवर्तन को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा, अब बाढ़ ने डरबन से पूरे देश में ईंधन लाइनों और खाद्य आपूर्ति को बाधित कर दिया है। बचाव दल केजेडएन में उन लोगों की तलाश में जुटे हैं, जो हाल के दिनों में भारी बारिश के बाद बाढ़-भूस्खलन के कारण लापता हो गए थे। आपदा में 400 से ज्यादा मारे जा चुके हैं।

## मोदी सरकार पर भड़के राहुलः ट्वीट कर लिखा- नफरत के बुलडोजर बंद करो और बिजली संयंत्रों को चालू करो



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा नई दिल्ली

राहुल गांधी ने लिखा है कि 8 साल की बड़ी चर्चा के परिणामस्वरूप भारत के पास केवल 8 दिनों का कोयला भंडार है। मोदी जी, महंगाई का दौर चल रहा है। नफरत के बुलडोजर बंद करो और बिजली संयंत्रों को चालू करो। देश के कई राज्यों में हो रही हिंसा और उसके खिलाफ हो रही सरकारी कार्रवाई के बीच राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर एक बार फिर से हमला बोला है। राहुल गांधी ने देश में हो रही बुलडोजर कार्रवाई और कोयले की कमी को लेकर ट्वीट किया है। अपने ट्वीट में राहुल गांधी ने लिखा है कि 8 साल की बड़ी चर्चा के परिणामस्वरूप भारत के पास केवल 8 दिनों का कोयला भंडार है। मोदी जी, महंगाई का दौर चल रहा है। बिजली कटौती से छोटे उद्योग धराशायी हो जाएंगे, जिससे नौकरियों का और नुकसान होगा। मोदी जी नफरत के बुलडोजर बंद करो और बिजली संयंत्रों को चालू करो। बता दें कि इसस पहले भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए लिखा पीएम मोदी पर हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि मोदी जी ना सच बोलते हैं, ना बोलने देते हैं। वो तो अब भी झूठ बोलते हैं कि ऑक्सीजन संकट से कोई नहीं मरा!

## फिर से मुश्किल में फंसे संजय राउतः बार एसोसिएशन ने दायर की अवमानना याचिका, जानें क्या है मामला



वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा मुंबई

शिवसेना सांसद संजय राउत ने भाजपा नेताओं को राहत प्रदान करते हुए न्यायपालिका के रुख में पक्षपात का आरोप लगाया था। इंडियन बार एसोसिएशन ने बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के खिलाफ झूठे, निंदनीय और अवमाननापूर्ण आरोप लगाने के लिए शिवसेना सांसद संजय राउत और अन्य के खिलाफ अवमानना याचिका-सह-जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की है। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, याचिका के पीछे मुख्य कारण के रूप में वकीलों के संघ ने भाजपा के किरीट सोमैया को धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण दिए जाने के बाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और पूरी न्यायपालिका के खिलाफ राउत के आरोपों का हवाला दिया। संजय राउत ने विवादित बयान देते हुए कहा था कि एक तरफ, अदालतों ने भाजपा से जुड़े लोगों को राहत दी,

## आईएमएफ-विश्व बैंक बैठकः निर्मला सीतारमण ने दक्षिण अफ्रीका के वित्त मंत्री से की मुलाकात

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा वाशिंगटन



वित्त मंत्रालय ने बताया कि निर्मला सीतारमण और के बीच द्विपक्षीय संबंधों और आर्थिक साझेदारी को बढ़ाने और द्विपक्षीय निवेश और व्यापार को बढ़ाने के अवसर तलाशने पर चर्चा हुई। वित्त मंत्रालय ने आगे बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2021-2022 के लिए दक्षिण अफ्रीका के राजस्व संग्रह को स्वीकृत किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को वाशिंगटन डीसी में दक्षिण अफ्रीका के वित्त मंत्री एनोच गोडंगवाना से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने और आर्थिक सहयोग के मुद्दों पर चर्चा हुई। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। सीतारमण अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की ग्रीष्मकालीन बैठक में भाग लेने के लिए यहां आई हुई हैं। ये बैठकें सोमवार से चल रहीं हैं। इस दौरान वाशिंगटन में जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के प्रमुखों के बीच बैठक आयोजित की गई। वित्त मंत्रालय ने बताया कि दोनों मंत्रियों के बीच द्विपक्षीय संबंधों और आर्थिक साझेदारी को बढ़ाने और द्विपक्षीय निवेश और व्यापार को बढ़ाने के अवसर तलाशने पर चर्चा हुई।÷ वित्त मंत्रालय ने आगे बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2021-2022 के लिए दक्षिण अफ्रीका के राजस्व संग्रह को स्वीकृत किया। सीतारमण ने दक्षिण अफ्रीका के डरहम एवं क्वाजुलू नटाल प्रांतों में आई बाढ़ से हुई जान-माल की क्षति पर गहरा दुख जताया। इससे पहले यात्रा के पहले दिन सोमवार को वित्त मंत्री ने आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलीना जॉर्जिवा साथ मुलाकात कर कई अहम मुद्दों पर चर्चा की और उनकी की मेजबानी में मनी एट ए क्रॉसरोड÷ पर एक उच्च स्तरीय पैनल के साथ चर्चा में भाग लिया। आईएमएफ प्रमुख ने अपनी शुरुआती टिप्पणी में कहा, हम कितनी तेजी से, कितनी दूर और किस अनुपात में चौराहे पर हैं,

## चीन में कोरोना : शंघाई में कोविड-19 से सात और मरीजों की मौत

**बीजिंग।** इधर, जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को औपचारिक रूप से कोविड-19 रोधी टीके 'नोवेक्स' को मंजूरी दे दी। स्वास्थ्य मंत्री शिगेयुकी गोटो ने कहा कि 'नोवेक्स' के कई उत्पाद मौजूद हैं। उन्होंने उन लोगों से भी टीके लगवाने की अपील की जो फाइजर या मॉडर्ना टीके लगवाने में संकोच कर रहे हैं। चीन के सबसे बड़े शहर एवं वैश्विक वित्तीय केंद्र शंघाई में कोविड-19 के कारण सात और लोगों की मौत हो गई है। इस तरह दो दिन के भीतर 10 लोगों की मौत कोरोना के चलते हुई है। देश में अब महामारी के चलते मृतक संख्या बढ़कर 4,648 पहुंच गई है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के मुताबिक, देश में बीते 24 घंटे में संक्रमण के 21,400 नए मामले सामने आए।

## शंघाई में राहत : कोरोना पाबंदियों में ढील, कई दिनों से घरों में कैद 40 लाख लोगों को लॉकडाउन से छूट

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा बीजिंग



दो करोड़ से ज्यादा आबादी वाला शंघाई बीते कई दिनों से कोरोना की बड़ी लहर की चपेट में है। यहां अब भी मौतों व संक्रमितों के मिलने का सिलसिला जारी है। कोरोना से बुरी तरह जूझ रहे चीन के प्रमुख शहर शंघाई में राहत दी गई है। चीन सरकार ने पिछले दिनों यहां लगाए गए लॉकडाउन में राहत देते हुए 40 लाख और लोगों को घरों से निकलने की छूट दे दी है। यानी ये लोग अब अपने काम-धंधों व रोजगार पर जा सकते हैं। दो करोड़ से ज्यादा आबादी वाला शंघाई बीते कई दिनों से कोरोना की बड़ी लहर की चपेट में है। यहां अब भी मौतों व संक्रमितों के मिलने का सिलसिला जारी है। चीन के सबसे बड़े शहर एवं वैश्विक वित्तीय केंद्र शंघाई में कोविड-19 के कारण सात और लोगों की मौत हो गई है। इस तरह दो दिन के भीतर 10 लोगों की मौत कोरोना के चलते हुई है। देश में अब महामारी के चलते मृतक संख्या बढ़कर 4,648 पहुंच गई है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के मुताबिक, देश में बीते 24 घंटे में संक्रमण के 21,400 नए मामले सामने आए। इनमें अधिकतर मामले शंघाई में दर्ज हुए। 24 घंटे में स्थानीय स्तर पर संक्रमण के 3,297 नए मामले सामने में आए, जिसमें से अकेले शंघाई में 3,084 नए मामले मिले। करीब 2.6 करोड़ की आबादी वाले शंघाई में कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन स्वरूप के कारण संक्रमितों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है। चीन में एक दिन के भीतर स्थानीय स्तर पर संक्रमण के 18,187 मामले ऐसे थे जिनमें बीमारी का कोई लक्षण ही मौजूद नहीं था।

## यूएईः बिना प्रायोजक मिलेगा प्रवेश, वीजा नियमों में आसानी, 30 के बजाय 60 दिन रुक सकेंगे पर्यटक

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा दुबई



आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, नए नियमों के तहत गोल्डन रेजिडेंस धारक अपने पति-पत्नी, बच्चों समेत परिवार के अन्य सदस्यों को प्रयोजित भी कर सकते हैं। इसके साथ ही वह घरेलू कामगारों को भी बुला सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, माता-पिता अपने पुरुष बच्चों को अब 18 के बजाय 25 साल की उम्र तक प्रायोजित कर सकते हैं। यूएई जाकर काम करने वालों को अब देश में प्रवेश और निवास के लिए नई योजना पेश की गई है। इसका भारतीयों को खासतौर पर लाभ मिलेगा, क्योंकि इसके तहत 10 तरह के एंट्री वीजा जारी होंगे, जो बेहद आसानी से मिल सकेंगे। नए वीजा के लिए किसी भी होस्ट या प्रायोजक की जरूरत नहीं होगी। इसके साथ ही इनके प्रवेश पर कोई सीमा भी नहीं होगी। पर्यटकों के तौर पर अब देश में 60 दिन रुका जा सकता है, जो पहले सिर्फ 30 दिन था। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, नए नियमों के तहत गोल्डन रेजिडेंस धारक अपने पति-पत्नी, बच्चों समेत परिवार के अन्य सदस्यों को प्रयोजित भी कर सकते हैं। इसके साथ ही वह घरेलू कामगारों को भी बुला सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, माता-पिता अपने पुरुष बच्चों को अब 18 के बजाय 25 साल की उम्र तक प्रायोजित कर सकते हैं। यूएई को उम्मीद है कि नए नियम दुनियाभर से प्रतिभा को आकर्षित करेंगे। पेशेवरों के पास वीजा के लिए एक वैध रोजगार कॉन्ट्रैक्ट होना जरूरी है। शिक्षा कम से स्नातक होनी चाहिए और मासिक सैलरी 8,100 डॉलर से कम न हो। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में संस्कृति, कला, खेल, डिजिटल टेक्नोलॉजी, वैज्ञानिक व आविष्कार के क्षेत्रों वाले लोगों को भी आसानी से वीजा मिल सकेगा।

## जंग के दो माहः रूस ने यूक्रेन में और सेना भेजी, डोनबास पर कब्जे की तैयारी

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कीव



रूसी फौजों ने खारकीव व क्रामाटोर्स्क के पूर्वी शहरों पर भारी हमले किए हैं। डोनबास के पश्चिम में जापोरिजिया और निप्रो में भी मिसाइले गिराई हैं। दक्षिणी शहर मायकोलाइव बुधवार तड़के कई मिसाइलों के प्रहार से दहल गया। इसके पास के शहर बश्तंका में एक अस्पताल में गोलीबारी की खबर आई। यूक्रेन में बीते करीब दो माह से जारी जंग का जल्द अंत नजर नहीं आ रहा। कीव पर कब्जे में विफल रहने के बाद रूस ने अब यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में स्थित डोनबास पर कब्जे की निर्णायक तैयारी कर ली है। रूस की नजर यहां यूक्रेन के बड़े प्राकृतिक खजाने पर है। रूसी फौजों ने खारकीव व क्रामाटोर्स्क के पूर्वी शहरों पर भारी हमले किए हैं। डोनबास के पश्चिम में जापोरिजिया और निप्रो में भी मिसाइले गिराई हैं। दक्षिणी शहर मायकोलाइव बुधवार तड़के कई मिसाइलों के प्रहार से दहल गया। इसके पास के शहर बश्तंका में एक अस्पताल में गोलीबारी की खबर आई। डोनबास पर कब्जे में रूस यदि कामयाब हो गया तो माना जा रहा है कि राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के दो टुकड़े करने में कामयाब हो जाएंगे। पूर्वी यूक्रेन अलग हो जाएगा। यही इलाका यूक्रेन की कमाई का बड़ा स्रोत है। इस इलाके में यूक्रेन की बड़ी कोयला खदानें हैं और यहां देश का औद्योगिक केंद्र भी है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि यूक्रेन में रूस का सैन्य अभियान एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन जारी है तथा इस ऑपरेशन का एक और चरण अब शुरू हो रहा है।

## श्रीलंकाः प्रधानमंत्री राजपक्षे ने राष्ट्रपति की शक्तियों पर अंकुश लगाने से जुड़ा प्रस्ताव पेश किया

वॉइस ऑफ प्रतिज्ञा कोलंबो



श्रीलंका 1948 में ब्रिटेन से आजाद होने के बाद से सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ रहा है। देश में विदेशी मुद्रा की भारी कमी हो गई है, जिससे वह खाद्य पदार्थों और ईंधन के आयात के लिए भुगतान नहीं कर पा रहा है। देश में इसको लेकर कई दिनों से प्रदर्शन जारी है और लगातार राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के इस्तीफे की मांग की जा रही है। श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने राष्ट्रपति की शक्तियों पर अंकुश लगाने और संसद को सशक्त बनाने के लिए संविधान में 19वें संशोधन को बहाल करने का एक प्रस्ताव मंगलवार को पेश किया। यह प्रस्ताव ऐसे समय में पेश किया गया है, जब श्रीलंका अप्रत्याशित आर्थिक संकट से जूझ रहा है और लोग लगातार सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। पारंपरिक सिंहली और तमिल नव वर्ष के बाद संसद को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री राजपक्षे ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक आधार पर विभिन्न संकटों का समाधान खोजा जाए। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि संविधान में संशोधन जरूर होना चाहिए। इसकी शुरुआत के तौर पर, 19वें संशोधन को आवश्यक एवं समयबद्ध परिवर्तनों के साथ लागू करना, देश की मौजूदा स्थिति के लिए सबसे अच्छा अल्पकालिक समाधान है। प्रधानमंत्री ने संसद से कहा, 'मेरा मानना है कि 19ए को कुछ संशोधनों के साथ एक अल्पकालिक समाधान के रूप में बहाल किया जा सकता है।' साल 2015 में अपनाया गया 19ए राष्ट्रपति की शक्तियों को कम करता है और संसद को कार्यकारी राष्ट्रपति से अधिक शक्तियां देता है। पूर्व प्रधानमंत्री एवं यूनाइटेड नेशनल पार्टी के नेता रानिल विक्रमसिंघे ने प्रधानमंत्री का समर्थन करते हुए कहा, ÷मैं 19वें संशोधन को बहाल करने को लेकर खुश हूं। मेरा अनुरोध है कि सम्मानजनक तरीके से 20वें संशोधन को जल्द से जल्द समाप्त कर दें, ताकि 19वें संशोधन को बहाल किया जा सके।÷ विक्रमसिंघे की सरकार ने ही 19वां संशोधन पेश किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति के आशीर्वाद से हमें भविष्य में व्यापक संवैधानिक सुधार की ओर बढ़ना चाहिए। वहीं, संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धना ने सदन को बताया कि मौजूदा राजनीतिक संकट को दूर करने को लेकर अल्पकालिक और दीर्घकालिक समाधान तलाशने के लिए कल एक विशेष बैठक की गई थी। अभयवर्धना ने कहा, 'कई पार्टी नेताओं ने एक दीर्घकालिक उपाय के रूप में एक नए संविधान का मसौदा तैयार करने और संविधान में 21वें संशोधन को एक अल्पकालिक समाधान के रूप में लाकर संसद को मजबूत करने का आह्वान किया है।' सदन की बैठक मंगलवार को जब शुरू हुई, तो सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्य रहे लगभग 41 सांसद विपक्षी दलों के स्थान पर बैठे नजर आए। उन्होंने सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग होने की घोषणा की थी। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे ने स्वीकार किया है कि उन्होंने गलतियां कीं, जिसके कारण देश दशकों के सबसे खराब आर्थिक संकट से घिर गया। राष्ट्रपति ने अपनी गलतियां सुधारने का संकल्प भी किया। राष्ट्रपति ने सोमवार को 17 मंत्रियों की नई कैबिनेट का गठन करके उसके समक्ष अपनी गलती स्वीकार की। उन्होंने कहा, गत ढाई साल में हमने कई चुनौतियों का सामना किया है। कोविड-19, ऋण का बोझ तथा कुछ गलतियां हमारी रहीं। उन्हें सुधारे जाने की जरूरत है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संदीप कुमार के लिए कसाणा प्रिंटिंग प्रेस, नियर बस स्टैंड भिण्डुसी, तहसील- तिजारा, जिला- अलवर (राजस्थान) पिन कोड- 301405, से मुद्रित तथा 109, धर्मशाला के पास, वीपीओ- हींगवाहेड़ा, तहसील- तिजारा, जिला- अलवर (राजस्थान) पिन कोड- 301411 से प्रकाशित। संपादक, संदीप कुमार Mob- 9414508610 E-mail:- pratigya.alwar@gmail.com पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र अलवर होगा